# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024





100% Buy Back*

पोल्की पर

देता है सिर्फ आनंद ज्वेल्स

निश्चिंत रहिए, हमारे यहां से खरीदी करने पर आप पाएंगे, नेचरल और बेस्ट क्वालिटी पोल्की ज्वेलरी, जो है 100% सर्टिफाइड भी और इसलिए सिर्फ आनंद ज्वेल्स पर आपको मिलेगा 100% बाय बैक*.

Lifetime* Free Repair and Polish

anand®
Jewels

INDORE | BHOPAL | RAIPUR
Pandri, Raipur

100%* Buy Back on Gold - Diamond - Polki Value

*शर्तें लागू,
बाय बैक केवल गोल्ड, डायमंड या पोल्की वैल्यू पर, मेकिंग और जीएसटी काट कर

purplefocus.com

तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 24.8 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024

12 सीएम सहित सारे मंत्री 10 हजार सदस्य बनाने में...



16 चुनावी मोड में कांग्रेस, दक्षिण के वार्ड प्रभारियों की



# खाद्य तेलों के बाद अब घी की कीमत में लगी आग, मुनाफाखोरी का जमकर चल रहा खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

त्योहारी सीजन में जमकर मुनाफाखोरी का खेल चल रहा है। आयात शुल्क की आड़ में जहां खाद्य तेलों के दाम 40 से 45 रुपए बढ़ाकर जमकर मुनाफाखोरी की की जा रही है, वहीं अब नवरात्रि के समय से ही देशी घी के दाम भी 50 रुपए तक बढ़ा दिए गए हैं। इस समय घी की कीमत अलग-अलग ब्रांड 520 से 800 रुपए तक है।

अलग खबर

### पांच सौ से कम कोई घी नहीं

नवरात्रि से पहले कुछ ब्रांड के घी की कीमत पांच सौ से कम थी, लेकिन नवरात्रि के समय ज्यादातर ब्रांड ने अपने-अपने ब्रांड की कीमत में 30 से 50 रुपए का इजाफा किया है। जानकारों का कहना है कि घी की कीमत राष्ट्रीय स्तर पर नहीं बढ़ी है, लेकिन अपने प्रदेश में कारोबारियों ने मुनाफाखोरी के कारण चुपके के कीमत में इजाफा कर दिया है। जो घी पहले 455 रुपए मिल रहा था, इसकी कीमत अब पांच सौ रुपए पार हो गई है। इसी तरह से 630 वाले ब्रांड को 670, सात सौ वाले को साढ़े सात सौ और साढ़े सात सौ वाले को आठ सौ रुपए कर दिया गया है। चिल्हर कारोबारी एक ब्रांड की अलग-अलग ग्राहक देखकर कीमत वसूल रहे हैं। एक दुकान में जो घी 510 में मिल रहा है, वहीं दूसरी दुकान में 520 से 530 रुपए में बेचा जा रहा है।

### अलग-अलग ब्रांड में 50 रुपए तक बढ़ा दिए दाम



### खाद्य तेल 45 रुपए तक महंगा

खाद्य तेलों में आयात शुल्क बढ़ने के बाद प्रदेश भर में मुनाफाखोरी का जमकर खेल हो रहा है। जहां राजधानी के डूमरतराई थोक बाजार के कारोबारियों ने सोया और राइसब्रान जैसे तेलों में 30 रुपए प्रति लीटर तक का इजाफा कर दिया है। वहीं रायपुर शहर के छोटे थोक कारोबारियों ने भी कीमत 35 रुपए और चिल्हर दुकानदारों ने कीमत में 45 रुपए का इजाफा कर दिया है। जो सोया तेल पहले थोक में 90 रुपए और चिल्हर में 100 रुपए था, वह अब 145 रुपए में बेचा जा रहा है। इसी तरह से राइसब्रान का हरेली तेल भी थोक में 90 और चिल्हर में 100 रुपए बिक रहा था, उसको 140 रुपए में बेचा जा रहा है। डूमरतराई बाजार में रोज खाद्य तेलों ⏭ शेष पेज 14 पर

महंगाई बिलकुल भी थमने का नाम नहीं ले रही है। जिसको मौका मिल रहा है, वह मौके का फायदा उठाकर किसी भी सामान के दाम बढ़ा दे रहा है। कई बार सामानों की कीमत बढ़ने के पीछे कारण भी रहता है, लेकिन ज्यादातर मौकों पर मुनाफाखोरी के कारण ही दाम बढ़ाए जाते हैं। उत्पादकों को जब मौका मिलता है तो वो थोड़े से दाम बढ़ाते हैं, लेकिन थोक कारोबारी से लेकर चिल्हर कारोबारी इसका फायदा उठाकर कीमत और ज्यादा बढ़ा देते हैं।

## खबर संक्षेप

### बहू पर जानलेवा हमला सात साल कैद की सजा

**रायपुर।** गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व भाई बहू पर जानलेवा हमला करने के आरोप में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विभा पाण्डेय की कोर्ट ने आरोपी को सात साल कैद तथा एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक रश्मि रानी के मुताबिक, कोर्ट ने वामन चक्रधारी को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। वामन ने 10 अक्टूबर 2021 को पारिवारिक विवाद के चलते अपनी भाई बहू वंदनी के सिर पर बसुला से जानलेवा हमला किया था।



### पेड़ के नीचे सो रहे बुजुर्ग की अज्ञात वाहन से कुचलकर मौत

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पेड़ के नीचे सो रहे एक बुजुर्ग की अज्ञात वाहन से कुचलने पर मौत हो गई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, अज्ञात वाहन से कुचलने पर ईदगाहभाठा निवासी शेख रफी की मौत हुई है। घटना दिनांक को शेख रफी बंजारी बाबा मस्जिद के पास रोड किनारे पेड़ के नीचे सोया था। इसी दौरान अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए शेख रफी को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल शेख रफी को उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### टेलीग्राम एप में जोड़कर चार लाख की ठगी

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक युवक ने अज्ञात के खिलाफ पार्ट टाइम जॉब देने का झांसा देकर तीन लाख 96 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, महावीर नगर निवासी ललित कुमार पटेल ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। ललित ने पुलिस को बताया कि पिछले महीने 29 सितंबर को टेलीग्राम में उसके पास एक मैसेज आया। मैसेज में एक कंपनी के लिंक प्रमोट करने पर घर बैठे पैसा कमाने का लालच दिया गया। शुरू के दो टास्क पूरा करने पर 10 हजार रुपए जमा कराने के बाद कमीशन सहित पैसे वापस कर दिए। झांसे में लेने के बाद जालसाजों ने ललित के साथ ठगी की।



### युवती से रेप का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज पुलिस ने युवती से रेप तथा अश्लील वीडियो, फोटो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, युवती से रेप के आरोप में माना निवासी रौनक डे को गिरफ्तार किया है। युवती ने रौनक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई कि काम के दौरान रौनक के साथ उसकी जान-पहचान हुई थी। रौनक ने उसे सैर कराने के बहाने स्टेशन रोड स्थित एक होटल में ले जाकर रेप किया। युवती ने रौनक पर रेप करने के बाद चोरी छिपे अश्लील वीडियो, फोटो बनाकर लगातार रेप करने का आरोप लगाया है।

### अभनपुर के ग्राम सेमरा में खनिज विभाग की टीम ने की कार्रवाई, चेन माउंटेन मशीन भी जब्त

# प्रतिबंध हटते ही सक्रिय हुए रेत का अवैध उत्खनन करने वाले, मशीन लगाकर निकाली जा रही थी रेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेत खदानों में एनजीटी का लगा प्रतिबंध हटते ही जहां राज्य पर्यावरण विभाग से अनुमति प्राप्त खदानों में रेत का वैध रूप से उत्खनन का काम शुरू हो गया है, वहीं दूसरी ओर जिन खदानों को अनुमति नहीं मिली है, वहां भी माफिया अपने लोगों से अवैध रूप से रेत का उत्खनन करा रहे हैं। कहीं-कहीं तो मशीन और पाइप लाइन के माध्यम से पानी के अंदर से रेत निकाली जा रही है। ऐसा ही एक ताजा मामला अभनपुर ब्लॉक में सामने आया है। ग्राम सेमरा खदान में रेत का अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा था। इसकी शिकायत मिलते ही खनिज विभाग की टीम ने यहां दबिश देकर एक चेन माउंटेन मशीन के साथ पानी के अंदर लगी मशीन भी जब्त की है। इधर विभागीय टीम के नदी तक पहुंचने से पहले ही उत्खनन कर रहे लोग फरार हो चुके थे, जिसके कारण इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

एनजीटी द्वारा 15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत खदानों पर उत्खनन पर रोक लगाई गई थी। प्रतिबंध की मियाद खत्म होने के बाद 16 अक्टूबर से जिले के कई खदानों में रेत के उत्खनन का काम शुरू हो गया है। जिले में 13 रेत खदानों को ठेके पर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इनमें से 9 खदानों को ही राज्य पर्यावरण विभाग से उत्खनन की अनुमति मिल पाई है, वहीं 4 खदानों को अनुमति अभी तक नहीं मिली है। ऐसे में जिन खदानों को अनुमति नहीं मिली है, वहां उत्खनन किया जाना अवैध कहलाएगा, लेकिन कहीं ठेकेदार, तो कहीं माफिया के लोग बिना अनुमति के इन खदानों में भी अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर रहे है।



### आरंग-नया रायपुर क्षेत्र का भी किया निरीक्षण

खनिज निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज के नेतृत्व में विभागीय टीम ने 15 एवं 16 अक्टूबर को सेमरा के साथ आरंग, नया रायपुर क्षेत्र के रेत खदानों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान यहां कार्रवाई करते हुए बिना रॉयल्टी पर्ची के रेत परिवहन में संलिप्त 4 गाड़ियों को जब्ती बनाया गया है, वहीं सेमरा से बरामद चेन माउंटेन मशीन को सील किया है।

### अवैध उत्खनन-परिवहन पर की जा रही कार्रवाई

प्रतिबंध अवधि समाप्त होने के बाद खदानों का विभागीय टीम निरीक्षण कर रही है। इस निरीक्षण के दौरान बिना रायल्टी पर्ची के खनिज सामग्री का परिवहन और अवैध रूप से उत्खनन पर कार्रवाई की जा रही है। सेमरा में भी अवैध उत्खनन पर रोक लगाते हुए कार्रवाई की गई है।

- **केके गोलघाटे,** उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर

### पानी के अंदर मशीन एवं पाइप लगाकर किया जा रहा उत्खनन

ग्राम सेमरा में अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा था। यहां नदी के बीच पानी के नीचे रेत खींचने वाली मशीन लगाई गई थी। इस मशीन से पाइप के माध्यम से रेत पानी से बाहर निकाली जाती है। इसके अलावा यहां चेन माउंटेन मशीन का भी उपयोग किया जा रहा था। टीम ने चेन माउंटेन मशीन को जब्त कर पानी से रेत खींचने वाली मशीन भी जब्त की है। इस तरह विभाग ने यहां अवैध उत्खनन पर रोक लगाई।

### पानी के अंदर से रेत निकालने के पहले भी आ चुके हैं मामले

मशीन और पाइप लाइन के माध्यम से पानी के अंदर से रेत निकालने के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। आरंग और अभनपुर क्षेत्र में इससे पूर्व भी इस तरह के कुछ मामले सामने आ चुके हैं, जिन पर कार्रवाई कर अवैध उत्खनन पर रोक लगाई गई थी।

## आचार संहिता लागू होते ही 2600 से ज्यादा बैनर- पोस्टर होर्डिंग्स हटाए, दीवारों पर वॉल पेंटिंग



- रायपुर दक्षिण उप चुनाव के लिए आचार संहिता लागू
- सार्वजनिक स्थलों, मुख्य मार्गों पर संपत्ति विरूपण की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होते ही दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में संपत्ति विरूपण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिला कलेक्टर के आदेश पर नगर निवेश विभाग की टीम ने शहर में मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों पर घूम-घूमकर राजनीतिक प्रचार-प्रसार के संबंधित 2,600 से ज्यादा बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स हटाने की कार्यवाही की।

दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही संबंधित क्षेत्र के इलाकों के सार्वजनिक स्थलों, चौराहों से 1143 पोस्टर हटाए गए। इसी तरह 79 स्थानों पर वाल पेंटिंग और 827 बैनर हटाने अमला सक्रिय रहा। जिन स्थानों पर बैनर, पोस्टर हटाने टीम पहुंची, उनमें संतोषीनगर चौक, मठपुरैना क्षेत्र, तेलीबांधा रिंग रोड, शिव नगर, बूढ़ापारा, लाखे नगर क्षेत्र, पुरानी बस्ती क्षेत्र शामिल हैं।

# दीपावली आने के पूर्व सक्रिय हुए बदमाश, दिनदहाड़े 20 लाख लूटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दीपावली आने के पूर्व बदमाश सक्रिय हो गए हैं। इसी कड़ी में बदमाशों ने रियल एस्टेट कंपनी इस्कॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सुपरवाइजर मनोज कुमार ध्रुव के साथ लूट की है। बदमाशों ने जिस जगह पर लूट की है, वह सूनसान इलाका है। घटनास्थल के पास सीसीटीवी कैमरा नहीं लगे होने की वजह से बदमाशों के बारे में पुलिस को कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है। बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाने मुजगहन थाने की पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम घटना स्थल से सटे मेन रोड पर लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल कर रही है।

- रियल एस्टेट कंपनी के सुपरवाइजर से लूट के मामले में पुलिस को नहीं मिला सुराग

गौरतलब है कि त्योहारी सीजन को देखते हुए रेंज आईजी अमरेश मिश्रा तथा एसएसपी डॉ. संतोष सिंह ने शहरी के साथ ग्रामीण थाना क्षेत्र की पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। त्योहारी सीजन में लूट, उठाईगिरी की वारदात को अंजाम देने लोकल के साथ अंतर्राज्यीय बदमाश सक्रिय हो जाते हैं। रियल एस्टेट सुपरवाइजर के ⏭ शेष पेज 14 पर

### रेकी करने के बाद लूट

पुलिस को आशंका है कि बदमाशों ने रैकी करने के बाद लूट की वारदात की है। पुलिस ने आशंका जताई है कि लूट करने के पूर्व बदमाशों ने सुपरवाइजर की दो से तीन दिन रैकी की होगी। उसके बाद लूट की है। बदमाशों के रैकी कर लूट की बात सामने आने पर सुपरवाइजर के दो से तीन दिन मार्ग में आने-जाने का सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल कर रही है, जिससे पता चल सके कि सुपरवाइजर की रैकी करने वाले कौन लोग हैं।

### बदमाश लोकल या बाहरी अब तक स्पष्ट नहीं

घटना में शामिल बदमाश लोकल हैं या रियल एस्टेट से जुड़े कर्मचारी, यह अब तक क्लीयर नहीं है। बदमाशों के बाहरी होने की भी पुलिस को आशंका है। पुलिस इस मामले में हर एंगल से पड़ताल करने की बात कह रही है। सुपरवाइजर द्वारा इतनी मोटी रकम बाइक से ले जाने की जानकारी बदमाशों तक कैसे पहुंची, पुलिस इस संबंध में भी जानकारी जुटाने की बात कह रही है।

### घटना को अंजाम देने सेफ जगह का चयन

पुलिस के अनुसार घटना कमल विहार सेक्टर-15 तिराहा मोड़ से कुछ दूर आगे हुई है। मनोज अपनी बाइक से ऑफिस के लिए जैसे ही मुड़ा, उस रोड पर लोगों की आवाजाही कम रहती है। इसका फायदा उठाते हुए बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार सड़कों के बारे में बदमाशों को पहले से जानकारी थी। इस वजह से बदमाशों ने लूट करने सेफ जगह का चयन किया।

# पटाखा दुकान आवंटन के लिए निकाली लॉटरी, 10 लाख से अधिक की आय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन 5 कार्यालय में गुरुवार को 100 लाइसेंसी पटाखा दुकानदारों को अस्थायी पटाखा दुकान आवंटन के लिए लाटरी निकाली गई। इस मौके पर ले आउट के अनुसार दुकानों का आवंटन किया गया। इसमें नगर निगम को 10 लाख 25 हजार रुपए की आय हुई। जोन कमिश्नर विमल शर्मा की मौजूदगी में 10 बाई 10 वर्गफीट आकार की अस्थायी पटाखा दुकानों के लिए लाटरी निकाली गई। दीपावली त्योहार के मौके पर राजधानी के लाखे नगर स्थित हिंद स्पोर्टिंग खेल मैदान पर नगर निगम अस्थायी पटाखा ⏭ शेष पेज 14 पर



- लाखे नगर हिंद स्पोर्टिंग मैदान पर 100 अस्थायी पटाखा दुकानें

*बचाव पक्ष के वकील ने ईडी पर लगाया प्रताड़ना का आरोप*

# डीएमएफ घोटाला मामले में रानू ईडी की हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डीएमएफ घोटाला मामले में कोरबा में आदिवासी विकास विभाग की पूर्व डिप्टी कमिश्नर माया वारियर की गिरफ्तारी के बाद जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू को ईडी ने प्रोटेक्शन वारंट में रिमांड पर लिया है। निलंबित आईएएस 22 अक्टूबर तक ईडी की रिमांड में रहेगी।

गौरतलब है कि रानू के कोरबा तथा रायगढ़ में कलेक्टर पदस्थ रहने के दौरान बड़े पैमाने पर कमीशन लेने तथा मनी लांड्रिंग करने का आरोप है। माया वारियर रानू साहू की करीबी रही है। इस वजह से ईडी ने पूर्व में उनके ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी। ⏭ शेष पेज 14 पर

## कोर्ट ने सुबह 10 से शाम 5 बजे तक पूछताछ करने अनुमति प्रदान की



### वकील बोले साजिश के तहत कर रहे प्रताड़ित

बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केस की पैरवी की। बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट को बताया है कि ईडी ने डीएमएफ मामले में वर्ष 2023 में ईसीआईआर की है, ⏭ शेष पेज 14 पर

## भाटापारा व हथबंद स्टेशन में गर्डर लॉन्चिंग और ब्लॉक को लेकर किया जाएगा कार्य

# आज नहीं चलेगी बिलासपुर-रायपुर पैसेंजर, शालीमार और सीएसएमटी एक्स. परिवर्तित मार्ग से होगी रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में पटरियों का कार्य किया जा रहा है। भाटापारा व हथबंद रेलवे स्टेशनो के बीच गर्डर लॉन्चिंग व मिडिल लाइन पर ब्लॉक को लेकर कार्य किया जाएगा। लेवल क्रासिंग पर गर्डर लॉन्चिंग से आने वाले दिनों मे सड़क मार्ग उपयोगकर्ता को ट्रेन परिचालन के दौरान लेवल क्रॉसिंग गेट पर रुकने की अवश्यकता नहीं होगी। इस कार्य के चलते रेलवे ने शुक्रवार को पैसेजर स्पेशल ट्रेनों को रद्द किया है। आज बिलासपुर से ⏭ शेष पेज 14 पर

### परिवर्तित मार्ग से चलेगी यह ट्रेन

- 18 अक्टूबर को शालीमार से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया जलगांव-नंदुरबार-भेस्तान-वसई रोड के रास्ते एलटीटी जाएगी।
- 18 अक्टूबर को हावड़ा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12810 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया जलगाँव-नंदुरबार-भेस्तान-वसई रोड के रास्ते सीएसएमटी जाएगी।
- 19 अक्टूबर 2024 को हावड़ा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस



परिवर्तित मार्ग व्हाया जलगांव-नंदुरबार-भेस्तान-वसई रोड के रास्ते सीएसएमटी जाएगी।

- 19 अक्टूबर 2024 को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20822 सांतरागाछी-पुणे हमसफर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मनमाड-अहमदनगर-दौंड कॉर्ड लाइन के रास्ते पुणे जाएगी।

### देर से रवाना होने वाली ट्रेन

- 20 अक्टूबर सीएसएमटी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12869 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 30 मिनट देरी से रवाना होगी।
- 20 अक्टूबर सीएसएमटी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12809 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 03 घंटे देरी से रवाना होगी।
- 20 अक्टूबर एलटीटी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18029 एलटीटी शालीमार एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 02 घंटे 30 मिनट देरी से रवाना होगी।

## खबर संक्षेप



### मंत्री राजवाड़े के निर्देश पर समस्याओं का त्वरित निराकरण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहायता केंद्र में समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के क्रम में मंगलवार को प्रदेश की महिला व बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने उपस्थित रहकर 60 से अधिक आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान सहायता केन्द्र में स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, आवास आदि से संबंधित एवं विकास कार्यों के आवेदन प्राप्त हुए।

### सीएम साय आज करेंगे गृह विभाग की समीक्षा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में गृह विभाग यानी पुलिस के कामकाज की समीक्षा करेंगे। यह बैठक पूर्वान्ह साढ़े 11 बजे से शुरू होगी। बैठक में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। यह बैठक इन मायनों में खास है कि हाल ही में राज्य में अपराध की कुछ ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिससे कानून-व्यवस्था पर सवाल उठे हैं। इस क्रम में सरगुजा में हवलदार की पत्नी, बच्चे की हत्या का मामला प्रमुख है। आरोपियों ने पुलिस कर्मियों पर गर्म तेल उड़ेला। बाद में हवलदार के घर हिंसा की गई।

### पांच आईपीएस के तबादले

**रायपुर।** राज्य शासन के गृह विभाग ने पांच आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। गृह विभाग ने गुरुवार को तबादला आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में अरविंद कूजूर को तीसरी वाहिनी छसबल अमलेश्वर, दुर्ग से पुलिस मुख्यालय रायपुर, धमेंद्र सिंह छवई सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय रायपुर से छसबल की 15वीं बटालियन बीजापुर, श्वेता राजमणि को सेनानी 17वीं बटालियन छसबल कबीरधाम से छसबल की 19वीं बटालियन बस्तर, उदयकिरण को सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यलय से छसबल की 9वीं बटालियन दंतेवाड़ा, मनोज खिलारी को वीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना से छसबल की दूसरी बटालियन बिलासपुर पदस्थ किया गया है।

# सीएम सहित सारे मंत्री 10 हजार सदस्य बनाने में सफल, आधे विधायक अब भी लक्ष्य से दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सभी मंत्री दस हजार सदस्य बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। इसी के साथ करीब डेढ़ दर्जन विधायक भी लक्ष्य को पार करने में सफल हुए हैं, लेकिन अब भी 50 फीसदी से ज्यादा विधायक लक्ष्य से दूर हैं। इसी के साथ एकमात्र सांसद केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ही 20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर सके हैं, बाकी सांसद लक्ष्य से काफी दूर हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपने रायपुर प्रवास के दौरान इस मामले में नाराजगी भी जता चुके हैं।

प्रदेश भाजपा संगठन ने सदस्यता अभियान के लिए विधायकों के लिए 10-10 हजार का लक्ष्य तय किया है, वहीं सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने कहा गया है। सभी अपने लक्ष्य को लेकर जुटे हुए हैं और अपने लिंक से अपने समर्थकों के माध्यम से सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं, लेकिन लक्ष्य तक पहुंचने में आधे से ज्यादा विधायक और दस सांसद अभी कोसों दूर हैं।

**सभी मंत्री बने दस हजारी :** सभी मंत्री अब दस हजार का लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। सबसे पहले दयालदास बघेल ने दस हजार का लक्ष्य पार किया था। उनके खाते में इस समय 15 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। इसके बाद लक्ष्मी राजवाड़े ने अपना लक्ष्य प्राप्त किया। अब प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ ही प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, श्याम बिहारी जायसवाल, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, लखन लाल देवांगन और रामविचार नेताम भी सदस्य बनाने के लक्ष्य के पार हो गए हैं।

## ज्यादातर विधायक भी साबित हो रहे हैं फेल

### तोखन साहू लक्ष्य के पार

प्रदेश में भाजपा के दस लोकसभा सांसद और एक राज्यसभा सांसद हैं। इनमें से एक मात्र केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ही जहां सबसे पहले दस हजार के पार पहुंचें, वहीं इसके बाद उन्होंने 20 हजार का लक्ष्य भी पार कर लिया है। लेकिन बाकी सांसद दस हजार तक भी नहीं पहुंचे हैं। महासमुंद की सांसद और सदस्यता अभियान की सदस्य रूपकुमारी चौधरी दस हजार के पार पहुंच गई हैं।



### ये विधायक भी लक्ष्य के पार

प्रदेश में भाजपा के 54 विधायक हैं। सबसे पहले दस हजार का आंकड़ा पार करने वाले पहले विधायक कुरूद के अजय चंद्राकर रहे हैं। उनके खाते में इस समय 15 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। लेकिन सबसे ज्यादा सदस्य बनाने के मामले में भिलाई वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने बाजी मार ली है। उनके खाते में 30 हजार से ज्यादा सदस्य हो गए हैं। इसी के साथ राजिम के विधायक रोहित साहू जहां 15 हजार के आस-पास हैं, अन्य विधायकों में भावना बोहरा, नीलकंठ टेकाम, गजेंद यादव, इंद्र कुमार साहू, शंकुतला पोर्ते, अनुज शर्मा, धरमलाल कौशिक, लता उसेंडी, गोमती साय, रेणुका सिंह, पुन्नूलाल मोहले, प्रेमचंद पटेल, संपत अग्रवाल ने भी दस हजार का लक्ष्य पार कर लिया है।

# रायपुर दक्षिण चुनाव : भाजपा के टिकट का मतलब जीत की गारंटी

**अब तक कोई नहीं तोड़ पाया बृजमोहन अग्रवाल का 35 साल से तिलिस्म**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण में 13 नवंबर को उपचुनाव होने जा रहा है। अब तक का इतिहास देखा जाए, तो रायपुर दक्षिण का मतलब भाजपा की जीत की गारंटी रहा है, क्योंकि रायपुर दक्षिण से अब तक कांग्रेस का कोई भी प्रत्याशी जीत क्या जीत के आसपास भी नहीं पहुंचा है। रायपुर दक्षिण के बनने से पहले रायपुर शहर में भी भाजपा का दबदबा रहा। बृजमोहन अग्रवाल के तिलिस्म को कोई भी नहीं तोड़ पाया। यह पहला मौका होगा, जब रायपुर दक्षिण में बृजमोहन अग्रवाल के स्थान पर भाजपा का कोई दूसरा प्रत्याशी मैदान पर होगा। अब तक कांग्रेस को जीत न मिलने के कारणों का खुलासा यहां पर हारने वाले कांग्रेस के प्रत्याशी प्रमोद दुबे, कन्हैया अग्रवाल करते हैं।

रायपुर दक्षिण के अपराजेय योद्धा बृजमोहन अग्रवाल के लोकसभा सांसद बनने के बाद यहां की सीट खाली हुई है। अब इस सीट पर 13 नवंबर को चुनाव होना है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि इस सीट से भाजपा के जिस भी प्रत्याशी को टिकट मिलेगा, उसके लिए जीत मुश्किल नहीं होगी। भाजपा का कहें या फिर बृजमोहन अग्रवाल का, यहां पर बड़ा वोट बैंक है। इसमें कभी भी कांग्रेस का कोई भी प्रत्याशी सेंध नहीं मार सका है।

## लगातार जीते बृजमोहन



छत्तीसगढ़ के अलग होने के बाद जब 2008 में परिसीमन किया गया, तो रायपुर शहर और रायपुर ग्रामीण की दो सीटों को चार सीटों में बांटा गया, तो रायपुर दक्षिण विधानसभा सामने आई। इस सीट से रायपुर शहर का चुनाव लड़ने वाले बृजमोहन अग्रवाल को टिकट दिया गया। 2008 और 2013 में भी वे जीते और मंत्री बने। इसके बाद 2018 के चुनाव में भाजपा के हाथ से सत्ता चली गई, इसी के साथ रायपुर शहर की चार में से तीन सीटें भी चली गईं, लेकिन रायपुर दक्षिण में बृजमोहन का दबदबा कायम रहा और वे जीत गए। इसके बाद 2023 के चुनाव में तो बृजमोहन अग्रवाल रिकार्ड 68 हजार मतों से जीते। इसी के साथ भाजपा की सत्ता में वापसी होने पर उनको मंत्री बनाया गया, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने उनको 2024 में लोकसभा का चुनाव लड़वाया और वे यहां भी जीत गए। रायपुर दक्षिण से पहले बृजमोहन अग्रवाल 1990 से लगातार रायपुर शहर की सीट से जीतते रहे हैं। 35 साल तक बृजमोहन अग्रवाल का तिलिस्म कोई नहीं तोड़ सका है।

### अपने ही करते हैं कमजोर : कन्हैया



कांग्रेस प्रत्याशी रहे कन्हैया अग्रवाल का कहना है कि यहां पर कांग्रेस के अपने ही कार्यकर्ता चुनाव के अंतिम दिनों में घर बैठ जाते हैं, इसलिए कांग्रेस को यहां से जीत नहीं मिल पाती। चुनाव के समय पार्टी के कार्यकर्ता पूरी तरह से सक्रिय हो कर काम करते हैं। पार्टी के जो कमिटेड वोट हैं वह पूरे मिलते हैं, लेकिन ऐसे वोट जिन्हें कार्यकर्ताओं की मेहनत से लिया जा सकता है, वो नहीं मिलते। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की गड़बड़ी के चलते पार्टी यहां से हार जाती है। उनका कहना है कि चुनाव के अंतिम चार दिनों में कार्यकर्ता क्षेत्र में जाते ही नहीं।

### बृजमोहन की सक्रियता जीत का कारण : प्रमोद

रायपुर दक्षिण सीट में कांग्रेस को लगातार हार का सामना क्यों करना पड़ता है? ऐसे कौन से कारण हैं, जिसके कारण कांग्रेस को यहां सफलता नहीं मिल पाती, इसे लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई। उनके सामने चुनाव में रहे कुछ कांग्रेस प्रत्याशियों से यह जानने का प्रयास किया गया। कांग्रेस में इस सीट से प्रत्याशी चयन और अन्य मामलों पर उनका कहना है कि



कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान न रखने के कारण यहां पर पार्टी को हार का सामना करना पड़ता है। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में पढ़ लिखे मध्यम और निम्न वर्ग के लोग निवास करते हैं। वे यहां पर न्यूट्रल रहकर हार जीत के नतीजों को परिवर्तित करते हैं। बृजमोहन अग्रवाल छात्र नेता के रूप में शहर में काम किया उनके उस समय से जो संबंध हैं, उसे वे विधानसभा चुनाव के दौरान भुनाने में सफल रहते हैं, जिनके कारण वे लगातार सफल रहें। पूर्व महापौर और निगम सभापति प्रमोद दुबे से इस संबंध में जानना चाहा कि कांग्रेस को आखिर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में सफलता क्यों नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा, दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में अधिकांश मतदाता पढ़-लिखे और मध्यम वर्ग से संबंधित हैं। यहां पर टिकट वितरण के समय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावनाओं का ध्यान रखकर टिकट वितरण नहीं किया जाता, ऐसे में कार्यकर्ता हतोत्साहित हो जाते हैं। चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों के 40 हजार से अधिक वोट पड़ते ही हैं। शेष डेढ़ लाख मतदातओं के न्यूट्रल वोट प्रत्याशी सक्रियता को देखकर लोग देते हैं। यहां पर बृजमोहन अग्रवाल की बात लें तो उनकी सक्रियता के चलते उन्होंने अधिक लोगों तक पहुंच बनाई। उनका मानना है कि छात्र राजनीति से उठकर आए बृजमोहन अग्रवाल ने उन संबंधों को बखूबी भुनाया। यहां पर कांग्रेस पार्टी को चाहिए कि सक्रिय कार्यकर्ता पर दांव लगाने से यहां पर की बाजी पलट सकती है।

## लोहारीडीह की घटना पुलिस की लापरवाही का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने लोहारीडीह मामले, हसदेव जंगल कटाई तथा भाजपा नेता की नोटों के साथ रील पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश की पुलिस ने लोहारीडीह के शिवप्रसाद उर्फ कचरू साहू की हत्या के मामले में चार लोगों की गिरफ्तार किया है। मध्यप्रदेश पुलिस ने यह माना कि कचरू साहू की हत्या हुई थी। श्री बैज ने कहा, रघुनाथ साहू की हत्या के बाद पुलिस की कार्यवाही और पुलिस की कस्टडी में तथा पुलिस की मारपीट से प्रशांत साहू की मौत हो गयी। इस प्रकार छत्तीसगढ़ पुलिस की लापरवाही से लोहारीडीह में तीन लोगों की जान गयी। लोहारीडीह में हुई मॉब लीचिंग की घटना के लिये गृहमंत्री एवं पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी जिम्मेदार हैं। उन्होंने मांग की है कि जेल में बंद निर्दोष लोगों को रिहा किया जाए। पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

### ये सवाल उठाए

गृह मंत्री और छत्तीसगढ़ पुलिस ने इस मामले को क्यों दबाया? आखिर पोस्टमार्टम रिपोर्ट कैसे बदला गया, इसका जिम्मेदार कौन है? सरकार बताये इस मामले पर लीपापोती क्यों की गई? इसके इशारे पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट बदली गई? दो परिवार को बर्बाद करने का जिम्मेदार कौन? ऐसे में यह बहुत आवश्यक हो गया है कि इतनी बड़ी रकम लेकर भाजपा के नेता किसको देने जा रहे थे? या किसी से अवैध वसूली कर आ रहे थे? यह बहुत ही गंभीर मामला है कि बेरोजगार युवा के पास इतनी बड़ी रकम कहां से आयी?

### मरकाम झारखंड के वरिष्ठ समन्वयक बने



**रायपुर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम को बड़ी जिम्मेदारी दी है। झारखंड चुनाव के लिए उन्हें एआईसीसी वरिष्ठ समन्वयक नियुक्त किया गया है। समन्वयकों की जिम्मेदारी दो अन्य नेताओं को भी दी गई है, जिसमें बीके हरिप्रसाद और गौरव गोगोई का नाम शामिल है। एआईसीसी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने आदेश जारी किया है।

### पीडब्ल्यूडी में 51 अधिकारियों की पदोन्नति

**रायपुर।** राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग ने 51 अधिकारियों की पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। विभाग द्वारा तीन कार्यपालन अभियंताओं को अधीक्षण अभियंता पदोन्नत किया गया है। वहीं 48 सहायक अभियंताओं को कार्यपालन अभियंता पदोन्नत किया गया है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद शासन द्वारा मंत्रालय से पदोन्नति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन पदोन्नत अधिकारियों की पदस्थापना बाद में की जाएगी।

# पिछले बजट की राशि का खर्च संसाधनों का उपयोग कैसे हुआ

**शीत सत्र में निष्पादन बजट पटल पर रखा जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार ने 2023-24 में जो बजट बनाया था, जो राशि खर्च की थी, उसका उपयोग कैसे हुआ। जिन उद्देश्यों के लिए बड़ी-बड़ी राशि जारी की गई थी, उससे शुरू हुई परियोजनाओं का कितना लाभ मिला, इसका ब्योरा तैयार करते हुए निष्पादन (परिणामी) बजट बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। यह बजट विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सदन पटल पर रखा जाएगा। सरकार के वित्त विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को तैयारी के निर्देश दिए हैं।

### वित्त ने जारी किया आदेश

इस संबंध में वित्त विभाग के विशेष सचिव चंदन कुमार ने सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को जारी पत्र में कहा है कि 2023-24 का निष्पादन बजट आगामी विधानसभा सत्र में विधानसभा के पटल पर रखा जाना है। यह वर्ष 2023-24 के परिणामी बजट में दिए गए वित्तीय एवं भौतिक



लक्ष्यों के आधार पर तैयार किया जाता है। अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों और सचिवों से कहा गया है कि वे 24 अक्टूबर तक ये जानकारी वित्त विभाग को दें।

### यह है निष्पादन बजट


निष्पादन बजट एक वित्तीय योजना है जो किसी परियोजना, कार्यक्रम या संगठन के लिए आवंटित धन के उपयोग को निर्धारित करती है। यह बजट विशिष्ट उद्देश्यों और गतिविधियों को पूरा करने के लिए आवश्यक संसाधनों की पहचान करता है और उनके आवंटन को नियंत्रित करता है। निष्पादन बजट में आम तौर पर ये घटक शामिल होते हैं। बजट में आय के स्रोतों की पहचान की जाती है, जैसे कि सरकारी अनुदान, निजी दान, या बिक्री से प्राप्त आय। बजट में विभिन्न गतिविधियों और परियोजनाओं पर किए जाने वाले व्यय की पहचान की जाती है, जैसे कि कर्मचारी वेतन, सामग्री खरीद, और यात्रा व्यय। बजट में विभिन्न गतिविधियों और परियोजनाओं के लिए धन का आवंटन किया जाता है। समयसीमाः बजट में गतिविधियों और परियोजनाओं की समयसीमा निर्धारित की जाती है।

बजट में प्रदर्शन मापन के मानक निर्धारित किए जाते हैं ताकि बजट की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जा सके।

### ऐसे बनाया जाता है ये बजट

निष्पादन बजट किस तरह बनाया जाना है। इस संबंध में वित्त विभाग ने संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उदाहरण के तौर पर इसे ऐसे समझ सकते हैं। जैसे स्कूल शिक्षा विभाग का निष्पादन बजट 2023-24 बनेगा तो उसमें लिखा जाएगा। विभाग की योजना का नाम या कार्यक्रम, योजना का उद्देश्य क्या था। इसके लिए बजट का प्रावधान कितना किया गया। बजट की राशि खर्च करने के लिए लक्ष्य कौन से रखे गए। इसके बाद सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा ये है कि इस बजट से वास्तविक भौतक उपलब्धियां और वित्तीय उपलब्धियां क्या रहीं।


22 वीं पुण्यतिथि पर
भावपूर्ण श्रद्धांजलि



पहलवान स्व. श्री कन्हैया लाल कसार (उस्ताद)
बजरंग व्यायाम शाला, सत्ती बाजार, रायपुर (छ.ग.)
भावपूर्ण श्रद्धासुमन
कमल प्रसाद कसार, सुनील कसार, राहुल कसार, आदित्य कसार, अभिजित कसार एवं सह परिवार बजरंग व्यायाम शाला के पहलवान, रायपुर कॉन्वेंट उ.मा.वि. एवं केंट इंटरनेशनल स्कूल, ग्राम झीट, रायपुरा, अमलेश्वर रोड की प्राचार्या, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं



**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3062 दिनांक 19.03.2009 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई.डब्ल्यू.एस.-II, प्रथम तल-45/112, को श्री मोहम्मद हकीम पिता श्री शेख बबाना, के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 03/01/2014 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री मोहम्मद हकीम पिता श्री शेख बबाना, निवासीः-हाउस नं. 19/874, साहू पारा, चबूतरा के पास, फाफाडीह, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री अरविन्द कुमार भारती पिता श्री उमाकांत भारती, निवासीः ई.डब्ल्यू.एस. ब्लॉक नं. 46, मकान नं. 103, सेक्टर-27, नया रायपुर अटल नगर, नवागांव, थाना-राखी, तहसील-आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर-27, में स्थित प्रकोष्ठ भवन **क्रमांक-ई.डब्ल्यू. एस.** -II प्रथम तल-45/112, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक /Q वाचक/तह./2024
मंदिर हसौद, दिनांक 09/10/2024

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक शैलेन्द्र चन्द्रसेन पिता ओमलाल चन्द्रसेन, निवासी-ग्राम गोढी तहसील मंदिर हसौद रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-गोढी, रा.नि.मं.-16, रा.नि.मं.- मंदिर हसौद, तहसील - मंदिर हसौद, जिला - रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1037/16, 1037/17, 1037/19 का भाग रकबा 0.0300 हे. भूमि जो राजस्व अभिलेख मे आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक मे दर्ज है, जिसको आवेदक खसरा संविलियन कराना चाहता है। आवेदित भूमि का खसरा संविलियन कराने हेतु आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 21/10/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 09/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
**तहसीलदार**
**मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)**



**नाम-परिवर्तन**

मैं रितेश सिंह (RITESH SINGH) उम्र 22 वर्ष, पिता श्री प्रदीप कुमार सिंह, निवासी- म.नं.-2041/68, न्यु चंगोराभाठा, शिव नगर, थाना- दीनदयाल उपाध्याय नगर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि :- मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम - रितेश कुमार सिंह (RITESH KUMAR SINGH) है एवं कुछ अन्य दस्तावेजों रितेश सिंह (RITESH SINGH) जो कि मेरा वास्तविक नाम है।

यह कि मेरा वर्तमान वास्तविक नाम - रितेश सिंह (RITESH SINGH) को समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, संबंधित विभाग इत्यादि में सही माना पढ़ा, लिखा व अंकित किया जावे।

अतः यह शपथ पत्र मेरा वास्तविक नाम - रितेश सिंह (RITESH SINGH) को सही माना, पढ़ा लिखा व अंकित किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत है।

दिनांक - 17/10/2024



**// ईश्तहार //**
पत्र क्रं / 14771 / न.पा.नि./ जोन क्रं- 10 /2024
रायपुर, दिनांक **15.10.2024**
नामंतरण प्र.क्र. 14771
वार्ड का नाम 56 अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR446F00390** जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती **JIGNA SIRODIYA** पिता/ पति श्री/श्रीमती **ASHOK SIRODIYA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **Anil Kesharwani** पिता / पति श्री/श्रीमती **S/o Shri Narsingh Prasad Kesharwani** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"

**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर), जोन क्रं. 10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**// ईश्तहार //**
पत्र क्रं / 14770 / न.पा.नि./ जोन क्रं- 10 /2024
रायपुर, दिनांक **15.10.2024**
नामंतरण प्र.क्र. 14770
वार्ड का नाम 56 अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR446F00441** जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती **KHUSHBU JAIN** पिता/ पति श्री/श्रीमती **PANKAJ JAIN** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **Anil Kesharwani** पिता / पति श्री/श्रीमती **S/o Shri Narsingh Prasad Kesharwani** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"

**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर), जोन क्रं. 10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**// ईश्तहार //**
पत्र क्रं / 14769 / न.पा.नि./ जोन क्रं- 10 /2024
रायपुर, दिनांक **15.10.2024**
नामंतरण प्र.क्र. 14769
वार्ड का नाम 56 अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR446F00487** जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती **LALITA JAIN** पिता/ पति श्री/श्रीमती **NIRMAL JAIN** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **Ekta Kesharwani** पिता / पति श्री/श्रीमती **S/o Ankur Gupta** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"

**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर), जोन क्रं. 10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, तहसील व जिला रायपुर**

**//आम सूचना//**
जारी दिनांक 11/10/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पिरदा, प.ह.नं. 76, रा.नि.मं. रायपुर-18, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक - तृप्ति मिश्रापिता/पति - आशीष मिश्रा निवासी - अमलीडीह रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 302/33 रकबा 0.1020 हे के सीमांकन / बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./......./अ-12 / वर्ष 2024 - 25 आदेश दिनांक 10/10/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन / बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 22/10/2024 को 11.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन / बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

से सूचना जानें।

**रा.नि.मं. रायपुर 18**
**तहसील - रायपुर**



Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



# 'विद्या' जन्म की खुशी में शरदोत्सव, बाल्यकाल से आगे बढ़े तो दीक्षा संवाद से नम हुईं आंखें

**संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर के जीवन प्रसंगों पर नाट्य मंचन, राजधानी में जुटा जैन समाज**

> जैसे ही नाट्य मंचन का आगाज पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में हुआ, सारी लाइटें बंद हुईं। सिर्फ संवाद और आंसुओं के बीच उत्सव की कुछ झलकियों के साथ गुरुवार की रात नाट्य मंचन का क्रम आगे बढ़ा। आचार्य के जन्म की खुशी व शरदोत्सव ने विद्याधर के माता-पिता को उमंग से भर दिया। जब विद्या कुछ बड़े हुए तो मां के साथ खेलते हुए कहते हैं, एक दिन मैं आपसे ऐसी चीज मांग लूंगा तब आप मुझे देने से मना मत करना।

**रायपुर।** यही वह शब्द थे, जब विद्याधर ने आचार्य विद्यासागर बनने की राह पर चलते हुए अपनी मां को याद दिलाते हुए दीक्षा लेने के लिए प्रेरित किया। उनके मार्मिक संवादों को जबलपुर से आए विवेचना रंगमंडल के 30 कलाकारों ने नाटिका के जरिए जीवंत किया। विद्याधर से विधासागर बनने की यात्रा आत्मान्वेषी नामक नृत्य नाट्य की प्रस्तुति से जोड़ी गई। इसके लिए डिजाइन, लाइट और संचालन कमल जैन का रहा। लेखक अर्चना मलैया व डायरेक्टर अरूण पांडेय रहे।





## श्रमणत्व के क्षितिज का विमोचन

मुख्य अतिथि रहे विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह रहे। उप्र से राज्यसभा सांसद नवीन जैन, राष्ट्रीय अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष धन्यकुमार जिनप्पा गुंडे, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, कुंवर मानवेंद्र सिंह, विधायक राजेश मूणत, उद्योगपति बजरंग केडिया भी मंचस्थ रहे। सभी ने आचार्य के जीवन प्रसंगों पर अपनी बात रखी। अतिथियों ने मुनि धैर्य सागर द्वारा रचित आचार्य विद्यासागर के समग्र जीवन पर आधारित पुस्तक अंतर्यात्री महापुरूष का विमोचन किया। इसके अलावा ब्रह्मचारी सुनील द्वारा लिखित श्रमणत्व के क्षितिज का विमोचन भी किया गया।

## सभी धर्मों के लिए हितकारी

मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह कोई सामान्य मंचीय, धार्मिक या राजनीतिक आयोजन नहीं है। आचार्य विद्यासागर सभी धर्मों के लिए पूजनीय, सूर्य के प्रकाश की भांति प्रभावशाली व हितकारी रहे हैं। भौतिकतावादी युग में भी धर्म व संस्कृति से जोड़ने के लिए जिस तरह से प्रयास किए जा रहे हैं, वह अद्भुत है। विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा जैन समाज के लिए पूर्व में की गई सभी घोषणाओं को हम पूरा करेंगे।





## दूसरे जिलों से भी पहुंचे भक्त

शारदोत्सव में सकल दिगंबर जैन समाज ने उत्साह से भाग लिया। अध्यक्षीय भाषण देते हुए समाज के नवीन जैन ने कहा कि आचार्य ने जिस तरह तप आराधना की है वह सबके लिए अनुकरणीय है। सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष नरेश जैन, विनोद बड़जात्या, मनीष जैन, प्रदीप जैन, अरविंद बड़जात्या, यशवंत जैन, अजय जैन, लोकेश चंद्रकांत, किशोर जैन अध्यक्ष तीर्थक्षेत्र डोंगरगढ़, चंद्रकांत जैन, सुरेंद्र जैन, अरविंद पहाड़िया, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संगीतमय आराधना के साथ भक्तामर पाठ

शरदोत्सव में संगीतमय आराधना के साथ विशेष भक्तामर पाठ हुआ। भजन संध्या में सुमधुर गीतों, भजनों व कव्वाली की प्रस्तुति दी गई। इसने श्रोताओं को भावविभोर किया। दर्शकों की करतल ध्वनि से ऑडिटोरियम गुंजायमान हुआ। मुंबई से आईं आरजे विधि जैन ने शानदार तरीके से मंच संचालन करते हुए जहां पर देवदर्शन हो वहीं भव पार होता है.., मंत्र नमोकार हमें.., जय-जय आदिनाथ जी... जैसे शानदार भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। वहीं खुशी जैन व शिष्याओं ने भरतनाट्यम की शानदार प्रस्तुति दी।

## जनकल्याणकारी कार्यों की याद

छग के 76 दिगंबर जैन मंदिरों में एक साथ आचार्य छत्तीसी विधान संपादित कर बनाए गए विश्व रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट गोल्डन बुक ऑफ विश्व रिकार्ड के अधिकारियों ने जैन समाज को प्रदान किया। वहीं आचार्य विद्यासागर के जनकल्याणकारी कार्यों से उपकृत देश विदेश की संस्थानों के प्रमुखों, विद्वानों, चिकित्सकों ने अपना अनुभव साझा किया। प्रतिभा स्थली स्कूल डोंगरगढ़, इंदौर, जबलपुर, इंदौर एवं चल चरखा केंद्रों की ब्रह्मचारी उन्नति दीदी, नीरजा दीदी, गुंजन दीदी ने यादें साझा की।

---

**एज्यूकेशन अपडेट**

# पीएससी ने वाष्पयंत्र निरीक्षक के 2 पदों के लिए मांगे आवेदन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने वाष्पयंत्र निरीक्षक के 2 पदों के लिए आवेदन मांगे हैं। पीएससी द्वारा इस संदर्भ में विस्तृत अधिसूचना आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत इन पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन 21 अक्टूबर से प्रारंभ होंगे। अभ्यर्थियों को 19 नवंबर तक का समय आवेदन के लिए दिया जाएगा। वेतनमान, पद संबंधित योग्यता तथा अन्य जानकारियां पीएससी ने अपने वेबसाइट पर साझा की है। इन पदों पर सीधी भर्ती पीएससी के माध्यम से होगी।



## इग्नू ने जारी किए टीईटी के परिणाम

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा टीईटी जून 2024 सेशन की परीक्षाओं में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के रिजल्ट की घोषणा कर दी गई है। नतीजे ऑनलाइन माध्यम से इग्नू की ऑफिशियल वेबसाइट ignou.ac.in पर जारी किए गए हैं। परीक्षार्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर नतीजों की जांच कर सकते हैं और अपना स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। रिजल्ट देखने के लिए आपको एनरोलमेंट नंबर दर्ज करना होगा। गौरतलब है कि इग्नू की ओर से टर्म एन्ड एग्जामिनेशन का आयोजन 7 जून से 15 जुलाई तक करवाया गया था। परीक्षा प्रतिदिन दो शिफ्ट में संपन्न हुई थीं। पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं दूसरी शिफ्ट की परीक्षा दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक संपन्न करवाई गई थी।

**कैंपस इवेंट**

# अध्यात्म से भी जुड़ेगा विज्ञान हमारी ज्ञान परंपरा में कई प्रयोग



**रायपुर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ गुरुवार को किया गया, जिसका विषय 'मॉडर्न एस्पेक्ट्स इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी' रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में पं. रविशंकर शुक्ल विवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल मौजूद रहे। जिन्होंने अपने संबोधन में कहा, भविष्य में विज्ञान अध्यात्म से भी जुड़ेगा। भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान के प्रयोग देखे जा सकते हैं। व्याख्यान के दौरान 200 से अधिक लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने व्याख्याता से कई प्रश्न-उत्तर भी किए।

## हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आई है तीव्रता

व्याख्यान के दौरान प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने कहा, देश हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तीव्रता से बढ़ते हुए सतत विकास कर रहा है। विज्ञान का प्रयोग एआई, साइबर सिक्योरिटी ,बायो टेक्नालॉजी, जीनोम जैसे अनेक उपकरणों का प्रयोग किया जा रहा। कार्यक्रम की संयोजक रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मनीषा मिश्रा ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सभी आधुनिक पहलुओं पर चर्चा की। वहीं विज्ञान द्वारा निर्मित उपकरणों से व्यक्तियों को होने वाले फायदे को बताया। भौतिक शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.मोहन लाल वर्मा ने रक्षा क्षेत्र, खाद्य क्षेत्र और चिकित्सा क्षेत्र की सुविधाओं पर चर्चा की।

---

**शरद पूर्णिमा में विशेष पूजा-अर्चना, श्वेत रंग के पोशाक में नजर आए श्री जगन्नाथ स्वामी**

# कार्तिक माह में माता ने बांधा था कृष्ण को उदर से, इसलिए 'यशोदा दामोदर' विग्रह की पूजा

**रायपुर।** सुंदर नगर स्थित इस्कॉन प्रचार केंद्र श्री जगन्नाथ मंदिर में गुरुवार को शरद पूर्णिमा का आयोजन किया गया। शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर परिसर में भगवान श्री जगन्नाथ, बलराम व बहन सुभद्रा के अर्चा विग्रह को सफेद रंग के पोशाक धारण कराए गए। गौरतलब है कि द्वापर युग में कार्तिक के महीने में दीपावली के दिन ही मैया यशोदा ने भगवान श्री कृष्ण को उनके उदर से बांधा था। जिसके चलते मंदिर परिसर में भी यशोदा दामोदर के विग्रह की पूजा की जा रही हैं। मिट्टी से निर्मित उदर, माता यशोदा व बाल गोपाल की प्रतिमा को पूजन विधि के साथ गुरुवार को स्थापित किया गया। कार्तिक दामोदर मास में 18 अक्टूबर शुक्रवार से 16 नवंबर तक सुबह व शाम 7:30 बजे दीपदान किया जाएगा।







## रोजाना सुबह-शाम 7:30 बजे दीपदान

छत्तीसगढ़ इस्कॉन यूथ फोरम अध्यक्ष तमाल कृष्ण प्रभु ने श्री कृष्णा लीला की अनेक कथाओं को बताया। उन्होंने कहा, मान्यता के अनुसार शरद पूर्णिमा के दिन श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ रासलीला रचाई थी। यह लीला आध्यात्मिक प्रेम और भक्ति का प्रतीक माना जाती है। जब गोपियां श्रीकृष्ण से मिलने के लिए यमुना तट पर पहुंची, तब उन्होंने सांसारिक इच्छाओं को त्यागकर स्वयं को श्रीकृष्ण को समर्पित कर दिया था। कार्तिक माह के दौरान राधा रानी की अराधना की जाती है। शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिर परिसर में 18 उत्सव मनाए जाएंगे। इस दौरान रोजाना विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इस अवसर पर मंदिर में माता यशोदा व श्री कृष्ण की बाललीला के लिए मंदिर परिसर को भव्य रुप से सजाया गया। जिसमें वृंदावन के दृश्य देखने को मिले। महोत्सव के दौरान देर रात तक मंदिर में भक्त मौजूद रहे।

# छात्रों ने की नासा वैज्ञानिकों से चर्चा, जाने अंतरिक्ष के रहस्य



**रायपुर।** राजधानी के 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के छात्र यूनाइटेड स्टेट्स की यात्रा में है। दस दिवसीय यात्रा में विद्यार्थियों ने गुरुवार को नासा का भ्रमण किया, जहां उन्होंने अंतरिक्ष संबंधित गतिविधियों व कार्यों को जानने का प्रयास किया। विज्ञान विषय के संयोजक एमएन सिंग और रिचा द्विवेदी के मार्गदर्शन में यात्रा का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान संयोजक ने कहा, यह यात्रा विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए आयोजित की गई है। जहां वे किताबों में पढ़ने वाली चीजों को प्रत्यक्ष रुप से जान सकेंगे। सभी विद्यार्थी एनएचगोयल वर्ल्ड स्कूल में अध्ययनरत हैं। यात्रा के दौरान छात्रों को न्यूयार्क वाशिंगटन डीसी में हर्शले चॉकलेट फैक्ट्री, व्हाइट हाउस, लिंकन मेमोरियल, सुप्रीम कोर्ट, कैपिटल बिल्डिंग, स्मिथसोनियन एयर एंड स्पेस म्यूजियम, यूनियन स्टेशन, द्वितीय विश्व युद्ध मेमोरियल बिल्डिंग, पेंटागन बिल्डिंग और वाशिंगटन स्मारक का भ्रमण किया गया। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने मुख्य रुप से नासा का भी भ्रमण किया।

---

**सिटी इवेंट**

# कैंपस में अब ' मिशन साहसी' छात्राएं करेंगी स्वयं की रक्षा



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विवि द्वारा स्वरक्षा कार्यक्रम का आयोजन 17 से 19 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण के लिए 370 महिला प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्राओं ने पंजीयन कराया है। अतिथियों ने कहा, इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में कार्यरत महिलाओं एवं अध्ययनरत छात्रओं की सुरक्षा एवं उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना है, जिससे समाज में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण परिवर्तित हो सके। अध्यक्षता इंदिरा कृषि विवि के लैंगिक उत्पीड़न शिकायत समिति की अध्यक्ष डॉ.आरती गुहे ने की। विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.जीके दास उपस्थित रहे।

## प्रेरक महिलाओं पर आधारित प्रशिक्षण

इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीन थीम रानी अहिल्याबाई होल्कर, रानी दुर्गावती एवं झांसी की रानी लक्ष्मी बाई के साहस से प्रेरणा लेते हुए विश्वविद्यालय की छात्राओं, महिला कर्मचारियों एवं उनके परिवार की महिलाओं को शारीरिक स्वरक्षा संबंधी तकनीकों का सजीव प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी अंजली गिरी गोस्वामी एवं सेकंड डेन ब्लेक बेल्ट आरती वर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मिशन साहसी के अंतर्गत यह छग में आयोजित पहला कार्यक्रम है।

---

**तीन दिवसीय अखिल भारतीय खेल एवं कला उत्सव**

# ठंड में गर्माहट के लिए हैवी ज्वेलरी पहनते थे राजवंशी छात्रों ने इन्हें तैयार किया मिट्टी और मोतियों के प्रयोग से

**कार्नर न्यूज**

राजकुमार कॉलेज में आयोजित कला महोत्सव के दूसरे दिन 17 विद्यालयों के 113 स्टूडेंट्स ने ज्वेलरी, ड्रेस व पेंटिंग समेत फोटोग्राफी प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। स्टूडेंट्स अपनी कलाकृति से राजकुमार कॉलेज को नया रूप देने में लगे हैं। गुरुवार को मेवाड़ और राजस्थान की राजसी से जुड़ी विरासत की ज्वेलरी बनाई गई। इसमें इतिहास में दिलचस्पी रखने वाले स्टूडेंट्स ने अधिक हिस्सा लिया है। छात्रों ने बताया कि मेवाड़ और राजस्थान के राजा हार, कान में बाली, मुकुट, कड़े और अंगूठियां पहनते थे। आभूषणों से ही राजाओं की सच्ची पहचान होती थी। उनकी ज्वेलरी की विशेषताएं भी अलग होती हैं।



**रायपुर।** ज्यादातर राजवंशी मौसम के अनुसार ज्वेलरी पहना करते थे। ठंड के दिनों में गर्माहट के लिए हैवी ज्वेलरी का इस्तेमाल करते थे। प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने मुकुट और हार समेत अन्य आभूषण मिट्टी से तैयार किए, जिसे मोतियों से सजाया गया। स्टूडेंट्स ने प्रोफेशनल कलाकार की तरह कॉलेज की दीवारों पर कलाकृतियां तैयार की हैं। इसके अलावा विभिन्न राज्यों से पहुंचे छात्र छत्तीसगढ़ के विभिन्न राजाओं के इतिहास से अवगत हो रहे हैं। कॉलेज के इतिहास के बारे में भी उन्हें बताया जा रहा है, जिसका इस्तेमाल अपनी कला में कर रहें हैं।

## पेनल्टी शूटआउट से तय हुआ सेमीफाइनल का रास्ता

वहीं आईपीएससी इंटरस्कूल हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में पंजाब पब्लिक स्कूल नाभा का मुकाबला एलके सिंघानिया विद्यालय गोटन से हुआ। पंजाब पब्लिक स्कूल ने 3-0 के साथ जीत दर्ज की। दूसरा मैच बी के बिरला, पुणे और मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा के बीच खेला गया, जिसमें बीके बिरला ने 4-0 गोल से आसान जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल राउंड का आखिरी मैच दून स्कूल और राजकुमार कॉलेज, रायपुर के बीच खेला गया। मैच बिना किसी गोल के समाप्त हुआ। पेनल्टी शूटआउट में आरकेसी ने दून स्कूल के 1 गोल के मुकाबले 3 गोल करके जीत हासिल की और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

## जीवों का प्रकृति संग तालमेल

छात्रों को विभिन्न विषय दिए गए थे, जिसमें मूर्तिकला का विषय एक ऐसी उभरी हुई मूर्ति बनाना था, जिसमें जीव, प्रकृति के साथ तालमेल बिठाते नजर आएं। प्रतिभागियों ने पृथ्वी के अलावा पेड़ और वन्य जीवों को मूर्ति में शामिल किया। प्लेट डेकोरेशन की थीम के लिए प्रतिभागियों ने प्लेट पर विभिन्न पारंपरिक, भारतीय लोक कला रूपों के अनूठे चित्रों को अंकित किया। फोटोग्राफी में प्राचीन उत्पादों के सार और सुंदरता को प्रस्तुत किया गया। ड्रेस डिजाइनिंग का विषय पंचतत्व-आकाश ,अग्नि,वायु, जल, पृथ्वी आधारित रहा।





**रायपुर के हिस्से 6 पुरस्कार :** निर्णायक देबजीत सिंह देव और बिजय बिस्वाल थे। इस दौरान बिड़ला बालिका विद्यापीठ, पिलानी को 3 पुरस्कार प्राप्त हुए। डेली कॉलेज इंदौर को 5, एलके सिंघानिया एजूकेशन सेंटर गोटन को 2, मेयो कॉलेज अजमेर को 3, एमजीडी गर्ल्स स्कूल जयपुर को 3, राजकुमार कॉलेज रायपुर को 6, सिंधिया कन्या विद्यालय ग्वालियर, ताशी नामग्याल अकादमी गंगटोक और आसाम वैली स्कूल सोनितपुर को 4 पुरस्कार मिले।

## खबर संक्षेप



### हनुमान मंदिर में कराया ब्राह्मण भोज

**रायपुर।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर बुढ़ेश्वर चौक बूढ़ापारा स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में ब्राह्मण भोज कराया गया। साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्व. महंत हरिदास त्यागी के नेतृत्व में लगभग 56 सालों से की जा रही है। इस परंपरा को निभाते हुए वर्तमान में मंदिर के महंत राजेश शर्मा द्वारा प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा में ब्राह्मण भोज कराकर मंदिर के बाहर सभी भक्तों के लिए महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर के सदस्य अनिल अग्रवाल, नारायण राव शिर्के, पुजारी राजेश तिवारी, सेवक प्रशांत पाण्डेय, भरत पाण्डेय, कृष्ण अग्रवाल, कान्हा शर्मा, कामेश तिवारी, अंकुश शर्मा, बंटी सोनी, शिव श्रीवास, कल्लू तिवारी एवं मंदिर के समस्त सदस्यों का योगदान रहा।

### खंडेलवाल दिगंबर जैन मंदिर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल

**रायपुर।** आचार्य 108 विद्यासागर महाराज के जन्मोत्सव पर संपूर्ण छत्तीसगढ़ के 76 दिगम्बर जैन मंदिरों में एक साथ एक ही समय पर आचार्य गुन छत्तीसी का पाठ किया गया, जिसे गोल्डन बुक में दर्ज किया गया। इनमें खंडेलवाल दिगंबर जैन मंदिर, सन्मति नगर, फाफाडीह को भी सम्मननित किया गया। खंडेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर की ओर से मंदिर के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या ने प्रमाणपत्र प्राप्त किया। यह जानकारी प्रचार सचिव अतुल गोधा ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



## निधन

### राजेंद्र प्रसाद मिश्रा

**रायपुर।** मिश्रा बाड़ा तात्यपारा निवासी राजेंद्र प्रसाद मिश्रा (79) का 17 अक्टूबर को नागपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 अक्टूबर को नागपुर में किया जाएगा। वे केशव प्रसाद मिश्रा के पुत्र और निधि शर्मा, विधि उपाध्याय एवं प्राची तिवारी के पिता थे।



# आजाद हिंद में लगेंगे एलएचबी कोच, रायपुर से पुणे और हावड़ा का सफर होगा आरामदायक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

आजाद हिंद एक्सप्रेस के यात्रियों को भी अब एलएचबी कोच से यात्रा करने की सुविधा तीन महीने बाद मिल सकेगी। एलएचबी कोच यात्रियों के लिए काफी आरामदायक व सुविधायुक्त होता है। रेल परिचालन की दृष्टि से एलएचबी कोच को सुरक्षित माना गया है। सामान्य कोच की अधिकतम गति 110-130 किलोमीटर की तुलना में 160 से भी अधिक की गति के लिए डिजाइन किए गए हैं। आईसीएफ कोच की तुलना में एलएचबी कोच में बर्थ की संख्या भी अधिक होती है। इसमें हाइड्रोलिक सस्पेंशन का प्रयोग किया जाता है, वहीं दाएं-बाएं मूवमेंट के लिए भी सस्पेंशन का प्रयोग किया गया है, जिससे सफर आरामदायक हो जाता है। 12129/12130 पुणे-हावड़ा-पुणे आजाद हिन्द एक्सप्रेस सहित रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस, इतवारी-रीवा एक्सप्रेस और हुजूर साहिब नान्देड-सांतरागाछी-हजूर साहिब नान्देड एक्सप्रेस में पारंपरिक कोचों के बदले एलएचबी कोच की सुविधा देने का फैसला लिया गया है। यह सुविधा 12129 में 15 फरवरी से वहीं 12130 में 17 फरवरी से मिलने लगेगी।

## 15 फरवरी से आजाद हिन्द एक्सप्रेस से यात्रियों को मिलेगी नए कोच की सुविधा

### 20 तक परिवर्तित मार्ग से चलेगी सारनाथ एक्सप्रेस

रेलवे के अनुसार 17 से 20 अक्टूबर तक 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी-जौनपुर-औड़िहार मार्ग और वापसी में 18 से 21 अक्टूबर तक इसी परिवर्तित मार्ग चलकर गंतव्य तक पहुंचेगी। 17 अक्टूबर को 18205 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी-जफराबाद-सुल्तानपुर-अयोध्या मार्ग होकर चलेगी। वापसी में 19 अक्टूबर को इसी मार्ग से चलेगी।

### हीराकुंड एक्सप्रेस का भोडवाल माजरी स्टेशन में अस्थायी ठहराव

भोडवाल माजरी में आयोजित होने वाले 77 वां वार्षिक अंतरराष्ट्रीय निरंकारी संत समागम महोत्सव में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 20808/20807 अमृतसर-विशाखापट्नम हीराकुंड एक्सप्रेस उत्तर रेलवे दिल्ली मंडल के भोडवाल माजरी स्टेशन में दो मिनट का ठहराव देने का निर्णय लिया गया है। अमृतसर- विशाखापट्नम एक्सप्रेस भोडवाल माजरी स्टेशन 5:56 बजे पहुंचेगी और 5:58 बजे रवाना होगी।

### अब काटोल स्टेशन में ठहरेगी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 18237/18238 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के काटोल रेलवे स्टेशन में ठहराव दिया गया है। इसी तरह 11040/11039 गोंदिया-छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस का मध्य रेलवे के पुणे रेल मंडल अंतर्गत पुनतांबा रेलवे स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव की सुविधा दी जा रही है। यह ठहराव प्रायोगिक तौर पर छह माह के लिए रहेगा।

### महाकुंभ मेला में जोन की दो जोड़ी ट्रेनों का रहेगा ठहराव

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 10 जनवरी से 28 फरवरी तक महाकुंभ मेला-2025 का आयोजन किया जा रहा है। कई स्टेशनों पर अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया गया है। जिनमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली दो जोड़ी ट्रेन भी शामिल हैं। नौ जनवरी से 27 फरवरी तक 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस नैनी स्टेशन, 11 जनवरी से 22 फरवरी 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस भी नैनी स्टेशन में दो मिनट के लिए ठहरेगी।

## उपचुनाव के लिए कलेक्टोरेट में तैयारी पूरी

# आज से नामांकन पत्रों की बिक्री-दाखिल की प्रक्रिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए कलेक्टोरेट में तैयारी पूरी कर ली गई है। सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्टोरेट परिसर में बाहरी गाड़ियों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए बांस-बल्लियों के बैरिकेड्स लगाए गए हैं, वहीं नामांकन पत्रों की बिक्री व जमा कराने के लिए नामांकन कक्ष में तैयारियां भी लगभग पूरी कर ली गई हैं। चुनाव की अधिसूचना शुक्रवार 18 नवंबर को जारी होगी। इसी दिन से चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन दाखिल की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। अभ्यर्थी 25 अक्टूबर तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे, वहीं 28 अक्टूबर को स्क्रूटनी और 30 अक्टूबर तक नामांकन वापस ले सकेंगे। 13 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को मतगणना होगी।




### कलेक्टोरेट परिसर में बाहरी गाड़ियों के प्रवेश पर रोक

दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए कलेक्टोरेट में सुरक्षा का पुख्ता इंतजार किया जा रहा है। नामांकन पत्रों के वितरण के बाद कई प्रत्याशी अपने संगठन के पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस की शक्ल में नामांकन दाखिल करने पहुंचते हैं। इसे देखते हुए प्रशासन ने नामांकन पत्रों की बिक्री और दाखिला की प्रकिया शुरू होने से खत्म होने तक कलेक्टोरेट परिसर में बाहरी गाड़ियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके लिए कलेक्टोरेट के मुख्य गेट के आगे बांस-बल्लियों का बैरिकेड्स लगाया गया है। इस तरह नामांकन जमा करने के लिए प्रत्याशियों को पैदल चलकर परिसर के अंदर जाना होगा।

### कलेक्टर ने किया बूथों का निरीक्षण

उपचुनाव के मद्देनजर कलेक्टर गौरव सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों में जाकर बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र में मतदाताओं के प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग गेट तैयार करने, बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था, वेटिंग हॉल और मतदान केंद्रों में आवश्यकतानुसार बेंच लगाने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा मतदान केंद्रों में पेयजल, बिजली, शौचालय, मतदान दलों के ठहरने की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर के साथ एसएसपी संतोष सिंह ने भी मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

आचार संहिता लगने के बाद जिला कलेक्टर ने कोलाहल विहीन वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में बिना अनुमति लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अनुमति के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी रायपुर को सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया है।

### चुनाव व्यय की निगरानी के लिए 9 उड़नदस्तों और 12 एसएसटी का गठन

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर नगर (दक्षिण) विधानसभा के लिए उप-निर्वाचन के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण अंतर्गत निर्वाचन व्यय की निगरानी के लिए संपूर्ण जिले में 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। साथ ही नौ उड़नदस्ता दल, 12 स्थैतिक निगरानी दल और दो वीडियो अवलोकन दलों का गठन किया गया है। इनके साथ ही निर्वाचन व्यय पर कड़ी निगरानी के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, रायपुर द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में चार स्थैतिक नाकों की भी स्थापना की गई है। टिकरापारा थाना के अंतर्गत देवपुरी में, पुरानी बस्ती थाना के अंतर्गत भाठागांव में, आजाद चौक थाना के अंतर्गत अग्रसेन चौक में और कोतवाली थाना के अंतर्गत सुभाष स्टेडियम में ये स्थैतिक नाके स्थापित किए गए हैं।

# शहर में 50 ट्रैफिक सिग्नल, 8 बंद, डिस्प्ले में भी दिक्कत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने शहर के विभिन्न चौराहों पर 50 ट्रैफिक सिग्नल लगाये गये हैं, इनमें से 8 सिग्नल बंद हैं। लाखे नगर चौक, महिला थाना चौक, जोन 2 क्षेत्र स्थित शहीद स्मारक स्कूल के पास वाला चौक, बूढ़ातालाब से सदर बाजार मोड़ वाला ट्रैफिक सिग्नल इसमें शामिल है। इनमें से कुछ ट्रैफिक सिग्नल इसलिए बंद पड़े हैं, क्योंकि पाइप लाइन खुदाई के दौरान तार को नुकसान पहुंचा है। संबंधित एजेंसी के ठेकेदार ने इसे अब तक नहीं सुधारा है। गुरुवार को यातायात दबाव वाले 18 चौराहों के निरीक्षण के दौरान ये बातें सामने आईं। दरअसल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर रायपुर स्मार्ट सिटी, यातायात पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ एल एंड टी की टीम ने 18 चौराहों का निरीक्षण किया। शहर में 50 स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाये गए हैं, इसमें 8 स्थानों पर लगाये गए ट्रैफिक सिग्नल महीनों से बंद हैं। इससे लोगों को सुगम आवागमन में दिक्कत हो रही है। टीम ने स्थापित सिग्नल की टाइमिंग का भी निरीक्षण किया, जिसमें यह पाया कि आंबेडकर अस्पताल चौक के पास लगाये गए ट्रैफिक सिग्नल के डिस्पले की टाइम में भिन्नता है। निरीक्षण के लिए निकली टीम ने महिला थाना, मोतीबाग चौक, तेलघानी नाका, अग्रसेन चौक, लाखेनगर, सिद्धार्थ चौक टिकरापारा सहित अन्य स्थानों पर लगाये गए ट्रैफिक सिग्नल में लालबत्ती को लेकर आ रही समस्या की पड़ताल की। संयुक्त दल में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्वल पोरवाल, डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंह, नगर निगम के कार्यपालन अधिकारी नितीश झा, आईटीएमएस प्रोजेक्ट की असिस्टेंट मैनेजर नेहा पटेल, डिप्टी मैनेजर रंजीत रंजन, असिस्टेंट मैनेजर शैलेन्द्र पटेल कार्य एजेंसी एल एंड टी के मैनेजर दीपक मालवीय शामिल थे। यह दल अब आईटीएमएस कैमरों, सिग्नल व अन्य इकाइयों का हर सप्ताह निरीक्षण करेगा।



### 470 सीसीटीवी कैमरा, दक्ष से संचालन

*आईटीएमएस प्रणाली के तहत वर्तमान में 470 कैमरे काम कर रहे हैं। चौराहों पर लगे सिग्नल से शहरी यातायात का प्रबंधन ट्रैफिक पुलिस द्वारा इंटीग्रेटेड सिटी कमांड सेंटर जयस्तंभ चौक से किया जाता है, उन्हीं के निर्देश पर ट्रैफिक सिग्नल्स के ऑपरेशनल मोड में बदलाव किया जाता है। वर्तमान में ट्रैफिक पुलिस विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार 50 आईटीएमएस सिग्नल्स में 10 सिग्नल ब्लिंकर्स मोड पर चल रहे हैं।*

# महिला आयोग में 5 सदस्यों की नियुक्ति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में रिक्त 5 सदस्यों की नियुक्ति कर दी है। इन सभी सदस्यों ने पदभार भी संभाल लिया है। सदस्यों की नियुक्ति होने के बाद आयोग में प्रकरणों का निराकरण भी अब और तेजी से होगा। ये सभी पद 27 जून से रिक्त थे। आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने रिक्त पदों पर जल्द से जल्द नियुक्ति के लिए शासन को पत्र लिखा था, जिसके बाद इन पदों पर नियुक्ति की गई है।




### सदस्यों की नियुक्ति से और तेजी से होगा प्रकरणों का निराकरण

पांच सदस्यों की नियुक्ति होने से आयोग के प्रकरणों का निराकरण अब और तेजी से हो पाएगा। चार महीनों से आयोग में इन सदस्यों के पद रिक्त थे। इनकी नियुक्ति से आयोग में आने वाले प्रकरणों का निराकरण भी तेजी से हो पाएगा।

### इन सदस्यों की हुई नियुक्ति

आयोग में सदस्यों के रूप में लक्ष्मी वर्मा बलौदाबाजार, प्रियंवदा सिंह जूदेव जशपुर, सरला कोसरिया (महासमुंद), ओजस्वी मंडावी (दंतेवाड़ा) एवं दीपिका सोरी (सुकमा) को नियुक्त किया गया है। इनमें लक्ष्मी वर्मा ने 7 अक्टूबर को ही पदभार ग्रहण कर लिया था, वहीं शेष सदस्यों ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं के हितों में मिलकर कार्य करने के लिए कहा। सरगुजा, बस्तर एवं रायपुर संभाग से सदस्यों की नियुक्ति करने पर आयोग अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

### अपराधियों पर तत्काल कड़ी कार्रवाई करने की मांग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के पूर्व सदस्य अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने सरकार एवं पुलिस प्रशासन से तत्काल अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई तथा आम जनता को सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने की मांग की है। अपराधियों को कानून का डर होना सभी समाज के लिए अति आवश्यक है। श्री ठाकुर ने बताया कि गुरुवार को दिनदहाड़े राजस्व अधिकारी को रोककर उसकी कार को कुशालपुर रिंगरोड चौक पर असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर उनके साथ मारपीट की गई। भाजपा सरकार में गुंडे और असामाजिक तत्वों का मनोबल इस कदर बढ़ा हुआ है कि आज कोई भी सुरक्षित नहीं है। छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार अपराध को रोकने में नाकाम है तथा कानून व्यवस्था को बनाए रखना भी नाकाम है।

## पेज 11 के शेष

### खाद्य तेल 45 रुपए...

का ही कारोबार रोज का 80 लाख से एक करोड़ का होता है। केंद्र सरकार ने आयात शुल्क में इजाफा किया है। इसके बाद से ही राजधानी रायपुर के थोक से लेकर चिल्हर बाजार में कीमत में आग लग गई है। हालांकि आयात शुल्क बढ़ने के बाद जब नया माल आया नहीं था तभी थोक कारोबारियों ने अपने मन से ही 20 रुपए तक कीमत में इजाफा कर दिया था। अब कीमत त्योहारी सीजन को देखते हुए और बढ़ा दी गई है।

### डीएमएफ घोटाला मामले में...

मंगलवार को पूछताछ करने के बाद ईडी ने माया को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में पेश करने के दौरान रानू की आखों से आंसू छलक आए। आंसू पोंछते हुए रानू ने कहा, मैं स्ट्रांग हूं, ईडी प्रताड़ित करने जानबूझकर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर रही है। इस दौरान रानू ने कहा, ईडी चाहे तो उसके खिलाफ एक साथ सारे केस दर्ज कर ले। वह 16 महीने से जेल में है और वह दो चार साल जेल में रह सकती है।

हेल्थ चेकअप नहीं कराने का आरोप

रानू साहू ने जेल में हेल्थ चेकअप जैसी बुनियादी सुविधा नहीं मिलने का आरोप लगाया है। रानू ने आरोप लगाया है, उन्हें जो स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलनी चाहिए, वह नहीं मिल रही। रानू ने कोर्ट से कहा- मुझे सोनोग्राफी और अन्य चेकअप करवाना है, लेकिन कई महीनों से यह नहीं हो पा रहा है।

### वकील बोले साजिश के...

लेकिन मामले की अब तक किसी प्रकार की जांच नहीं की गई। बचाव पक्ष के वकील के मुताबिक रानू को कोल मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। एसीबी के मामले में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है, ऐसे में बचाव पक्ष के वकील ने अपने मुवक्किल को सोची समझी साजिश के तहत प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। ईडी के अफसर रानू साहू से सुबह 10 से शाम पांच बजे तक पूछताछ कर सकते हैं। इस दौरान रानू साहू अपने परिवार से एक दिन छोड़कर मिल सकती है।

### पटाखा दुकान आबंटन के...


बाजार लगायेगा। 21 अक्टूबर से 5 नवंबर तक लगने वाले पटाखा बाजार में 100 अस्थायी पटाखा दुकानें रहेंगी। इसके लिए लाटरी निकालकर दुकानों का आवंटन किया गया। इस मौके पर जोन 5 कार्यालय परिसर में खासी रौनक देखने को मिली। जोन 5 के राजस्व विभाग ने 1 दुकान के लिए 10,255 रुपए शुल्क रखा। पटाखा दुकान लगाने शहरभर से 100 लाइसेंसी पटाखा व्यवसायिओं ने दिलचस्पी दिखाई। 100 अस्थायी पटाखा दुकानों का आवंटन होने से नगर निगम जोन 5 के राजस्व विभाग को 10 लाख 25 हजार रुपए की आय हुई।

### दीपावली आने के पूर्व...

साथ बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में लूट की है। बदमाशों ने चलती बाइक में सुपरवाइजर की दोपहिया की डिक्की के ऊपर रखे नोटों का बैग लूटने के बाद उसे धक्का देकर गिरा दिया और नोटों से भरा बैग लेकर रफूचक्कर हो गए।

### आज नहीं चलेगी...

चलने वाली 08261 बिलासपुर-रायपुर पैसेंजर स्पेशल नहीं चलेगी। इसके अलावा 08275 रायपुर–जूनागढ़ रोड पैसेंजर स्पेशल भी रद्द है। 19 अक्टूबर को 08276 जूनागढ़ रोड-रायपुर पैसेंजर स्पेशल और 08280 रायपुर-कोरबा मेमू पैसेंजर स्पेशल नहीं चलेगी। शुक्रवार को 12860 हावड़ा-मुंबई गीतांजली एक्सप्रेस और 22894 हावड़ा-साईंनगर शिरडी एक्सप्रेस एक घंटे नियंत्रित की जाएगी।



























# GRAND OPENING

# LAVISH LIFE

## LUXURY FURNITURE & HOME DECOR




JOIN US ON OUR JOURNEY TO ELEVATE YOUR LIVING SPACES

FRIDAY 18 OCT 2024
AT 11 AM ONWARDS....




**GRAND OPENING OFFER DISCOUNT UP TO 70%***






























**Beside Mowa Bridge, Near Lodhipara Chowk, Main Road Pandri, Raipur, Mo.: 6268432718 , 8746825528**

## खबर संक्षेप



### डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर दी बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स और कैट सीजी चैप्टर के प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. रमन सिंह से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन सहित अन्य सदस्यों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह को पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी साथ ही उनके दीघायु जीवन की कामना की। प्रतिनिधिमंडल में कैट सीजी चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोषी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष- परमानंद जैन आदि शामिल रहे।

### पूरे देश में हॉलमार्क जेवरों की बिक्री की जाए अनिवार्य

**रायपुर।** रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर पूरे देश में हॉलमार्क जेवरों की बिक्री को अनिवार्य करने की मांग की है।

### उर्स में शामिल होने मुख्यमंत्री को दिया न्योता

**रायपुर।** हजरत सैय्यद शेर अली आगा रहमतुल्लाह अलैह का हर साल की तरह इस साल 43वां उर्स पाक 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक मनाया जाएगा, जिसमें प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शामिल होने के लिए न्योता दिया गया है।

### जिला स्तरीय युवा संसद स्पर्धा में चार टीमें शामिल



**रायपुर।** सालेम इंग्लिश स्कूल में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें रायपुर जिले के चार विकासखंड आरंग, अभनपुर, तिल्दा और धरसींवा से चार टीमें शामिल हुईं। स्कूली छात्र, छात्राओं में संसद की कार्यवाही और कार्यप्रणाली से अवगत कराना व जागरूकता जगाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय खंडेलवाल, जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर एवं आईपी वर्मा सहायक क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में केएस पटले, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायपुर थे। इस अवसर पर सीजी बोर्ड के प्रभारी प्राचार्य अखिलेश नंद, स्कूल की प्रभारी प्राचार्या रूपिका लॉरेंस की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

### हसदेव जंगल के पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग

**रायपुर।** सर्व आदिवासी समान के सदस्यों ने गुरुवार को राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह से मुलाकात की। सदस्यों ने हसदेव जंगल के पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग की। अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह से मुलाकात करने वालों में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष बीएस रावटे, अकबर राम कोर्राम, गोंड महासभा अध्यक्ष विनोद कुमार नागवंशी, प्रदेश सचिव जिवराखन मरई, प्रदेश प्रभारी एवं वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# रायगढ़ में डेढ़ सौ से ज्यादा हाथियों का जमावड़ा, गजराज को ट्रैक्टर से भगा रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

रायगढ़ तथा धरमजयगढ़ वनमंडल में इन दिनों 150 से ज्यादा हाथियों का मूवमेंट है। हाथियों के मूवमेंट की वजह से ग्रामीण बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। हाथियों से छुटकारा पाने ग्रामीण ऐसी तकनीक का उपयोग कर रहे हैं, जिससे हाथी विचलित हो जान-माल का नुकसान कर रहे हैं। हाथी मित्र दल भी ग्रामीणों के सामने बेबस नजर आ रहे हैं और ग्रामीणों को हाथी के पास जाने से नहीं रोक पा रहे हैं।

रायगढ़ वन मंडल में वर्तमान में 49, धरमजयगढ़ वनमंडल में 109 तथा रायगढ़ से सटे सारंगढ़-बिलाईगढ़ वनमंडल में 26 हाथियों को दल विचरण कर रहा है। सारंगढ़ वनमंडल में गुरुवार को एक व्यक्ति की हाथी से कुचलकर मौत हो गई है, जिसकी वजह से ग्रामीण आक्रोषित हैं। रायगढ़ तथा धरमजयगढ़ वनमंडल में सरगुजा तथा जसपुर से हाथियों के आने की बात जानकार कह रहे हैं। अफसरों के अनुसार मानव हाथी द्वंद्व रोकने हरसंभव उपाय किए जा रहे हैं। बावजूद इसके मानव हाथी द्वंद्व रुकने का नाम नहीं ले रहा।

### राज्य के ज्यादातर जिले हाथी प्रभावित

राज्य के ज्यादातर जिला हाथी प्रभावित हो गए हैं। जसपुर, सरगुजा, रायगढ़, कोरबा तक सिमित रहने वाला हाथी मैदानी क्षेत्र तक पहुंच गए हैं। राज्य के बलौदाबाजार, महासमुंद, सारंगढ़-बिलाईगढ़ तथा बलौदाबाजार वनमंडल में पड़ोसी राज्य ओडिशा के हाथी यहां आकर डेरा जमा लिया है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ वनमंडल में पिछले दो साल के 26 हाथी मूवमेंट कर रहे हैं वह ओडिशा से आए हुए हाथी हैं।



- ट्रैक्टर में तेज लाइट लगाकर रात में निकल रहे ग्रामीण
- रायगढ़, धरमजयगढ़ तथा सारंगढ़ वनमंडल में पड़ोसी राज्य ओडिशा के हाथी पहुंच रहे

*रहवासी क्षेत्र में आने से रोकने जंगल से भगा रहे :* गौरतलब है कि हाथी एक दिन में 40 से 50 किलोमीटर चलता है। इस वजह से हाथी जंगल के रास्ते होते हुए रहवासी क्षेत्र पहुंच जाते हैं। रायगढ़ तथा धरमजयगढ़ वनमंडल के जिस जंगल में हाथी आने की सूचना मिल रही है, उस वनमंडल के ग्रामीण हाथियों को अपने वनक्षेत्र से भगाने ट्रैक्टर से निकल रहे हैं। वन्यजीव अधिनियम के अनुसार इस तरह जंगल से हाथियों को भगाना अपराध की श्रेणी में आता है। बावजूद इसके वन विभाग ग्रामीणों के आक्रोष को देखते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

### ग्रामीण इसलिए परेशान

अभी धान की फसल पककर तैयार हुई है। हाथियों के आने से किसानों की फसल का नुकसान हो रहा है। इसके कारण ग्रामीण हाथियों से परेशान हैं। हाथियों को अपने क्षेत्र से भगाने ग्रामीण अपने स्तर पर ऐसे उपाय कर रहे हैं, जिससे हाथी और ज्यादा विचलित होकर जंगल से निकलकर रहवासी क्षेत्र में घुस रहे हैं, जिसकी वजह से ग्रामीणों को और भी ज्यादा नुकसान हो रहा है।

### ट्रैक्टर में निकल रही 'हांका' पार्टी

हाथियों को अपने क्षेत्र से भगाने ग्रामीण झुंड में ट्रैक्टर में सवार होकर जंगल की ओर जा रहे हैं जो हाथियों को भगाने तेज आवाज लगाने के साथ अपने साथ तेज रोशनी वाली लाइट रखे हैं, जिसे हांका पार्टी कहा जाता है। तेज आवाज तथा लाइट देख हाथी डरकर तथा विचलित होकर इधर उधर भाग रहे हैं। हाथियों को भगाने का एक ऐसा ही वीडियो सामने आया है, जिसमें ग्रामीण ट्रैक्टर पर सवार होकर हाथियों को भगाने तेज आवाज लगाने के साथ उन पर लाइट मार रहे हैं।

## सह प्रभारी सचिव जांगिड़ ने शहर जिला कांग्रेस की ली बैठक

# चुनावी मोड में कांग्रेस, दक्षिण के वार्ड प्रभारियों की बैठक में दी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद कांग्रेस संगठन चुनावी मोड में आ गया है। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में वार्ड प्रभारियों की बैठक लेकर सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने सभी को चुनाव में जुटने का अव्हान किया। जांगिड़ ने सभी वार्ड प्रभारियों से वहां पर किए गए अब तक कार्यों की जानकारी ली। वहीं चंगोराभाठा वार्ड में प्रभारी विकास उपाध्याय की जगह पर यहां नए प्रभारी के रूप में सुरेश ठाकुर और दीपक मिश्रा की नियुक्ति की गई है। दक्षिण विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के सभी सक्रिय पदाधिकारी और शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे भी इसमें शामिल हुए।

सह प्रभारी ने कहा, सभी वार्ड में बूथ कमेटियों के माध्यम से कार्यकर्ता चुनाव में जुट जाएं। आज की बैठक चुनाव के दौरान प्रचार-प्रसार के संबंध में सभी कांग्रेस नेताओं को निर्देश दिए गए। कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों से कहा गया कि उप चुनाव के दौरान सरकार के कमजोरियों को सामने लाएं। जनता के बीच जाकर कानून व्यवस्था की स्थिति और अन्य कारनामों को रखें। क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के दौरान किए गए कार्यों के बारे में भी जानकारी दें। बैठक के दौरान उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने क्षेत्र के संबंध में कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

### उपचुनाव के दौरान सरकार के कमजोरियों को सामने लाएं



### आज वरिष्ठ नेताओं की बैठक

दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को भी चुनाव में सक्रियता के साथ जुटने की रणनीति बनाई जाएगी। सह प्रभारी सचिव विजय जांगिड़ वरिष्ठ नेताओं की बैठक में कांग्रेस के चुनाव की रणनीति के साथ यहां पर चुनाव में जीत दर्ज करने के संबंध में चर्चा करेंगे। साथ ही विधानसभा क्षेत्र के पार्षद, छाया पार्षद, बूथ अध्यक्ष और ब्लॉक कमेटी के अध्यक्षों की अलग से बैठक लेकर उन्हें चुनाव में अपने-अपने वार्ड में कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की रणनीति बनाई जाएगी।

### कांग्रेस के दावेदारों में राजीव भी

दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस से आधा दर्जन से अधिक दावेदार सामने आए हैं। इनमें इस क्षेत्र के सक्रिय पार्षद और कुछ वरिष्ठ नेता शामिल हैं। कुछ ऐसे नाम भी हैं, जो पहले यहां से चुनाव लड़ चुके हैं, वे भी दावेदार के रूप में सामने आए हैं। कुछ नेताओं ने दिल्ली जाकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे से मिलकर यहां से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। कांग्रेस संगठन ने भी आंतरिक सर्वे कराया है, उसके आधार पर ही टिकट का फैसला होगा। यहां से कांग्रेस के दावेदारों में प्रमोद दुबे, कन्हैया अग्रवाल, सुशील सन्नी अग्रवाल, आकाश शर्मा, सतनाम पनाग और राजीव वोरा के नाम चर्चा में हैं।

# कस्टम मिलिंग कर जमा नहीं कराया चावल खाद्य विभाग ने मिलरों पर कसी नकेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में कस्टम मिलिंग का चावल समय पर नागरिक आपूर्ति निगम में जमा नहीं करने वाले मिलरों के विरुद्ध खाद्य विभाग ने नकेल कसनी शुरू कर दी है। विभाग ने पूरे प्रदेश में राइस मिलों में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, जशपुर और अन्य जिलों में कई राइस मिलरों के ठिकानों पर छापे मार कर चावल जप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। विभाग पिछले साल के मिलरों के चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों की जानकारी लेकर उनसे चावल राजसात कर रहा है।

बताया गया है कि शासन के निर्देश के अनुसार रायपुर जिले में राइस मिलरों को कस्टम मिलिंग का चावल 28 अक्टूबर तक जमा करना है, लेकिन अभी भी कई मिलर 60 से 70 प्रतिशत ही चावल जमा कर पाए हैं। ऐसे में शेष चावल को आगामी 10 दिनों के भीतर मिलरों को जमा कराना है। इसी क्रम में कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों की सूची तैयार की गई है। इस सूची के अनुसार राइस मिलरों को समय सीमा में शत-प्रतिशत कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।



- रायपुर, रायगढ़ और बिलासपुर में की गई कार्रवाई
- 28 तक मिलरों को जमा करना है कस्टम मिलिंग का चावल

### इन जिलों में की गई कार्रवाई

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र में कृष्णा फूड्स राइस मिल में एक हजार क्विंटल से अधिक धान एवं 377 क्विंटल चावल की जब्ती बनाई गई है। रायगढ़ जिले में चावल जमा नहीं करने वाले पांच राइस मिल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पांच राइस मिल संचालकों ने नोटिस के बाद भी चावल जमा करने पर बंसल उद्योग, मंगल ग्रेनस, इसमुंडा राइस मिल, श्री राम राइस मिल और मां दुर्गा फूड्स प्रोडेटेट की अमानत राशि राजसात करने की कार्रवाई शुरू की गई। बिलासपुर में कस्टम मिलिंग के चावल को तय समय में जमा नहीं करने पर खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। राइस मिल में गड़बड़ी पाए जाने के बाद विभाग ने 85 लाख रुपए के 3 हजार 400 क्विंटल धान को जब्त किया है।

### पिछले वर्ष 25 मिलरों ने 1166 टन चावल नहीं किया जमा

बताया गया है कि रायपुर जिले में पिछले वर्ष कस्टम मिलिंग का 1166 टन चावल 25 मिलरों ने जमा नहीं किया हैं। विभागीय टीम ने इसे लेकर कुछ मिलरों के यहां दबिश भी दी थी। इस दौरान साढ़े तीन हजार क्विंटल चावल बरामद किया गया था। इन मामलों में जिला विपणन विभाग द्वारा राइस मिलरों से चावल के बदले राशि की रिकवरी की जा रही है। इसके तहत बैंक गारंटी जब्ती के अलावा मिलरों के बिलों में रिकवरी की राशि समायोजित की जा रही है।

# शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने सोशल मीडिया का हो अधिक उपयोग : दयानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जनसंपर्क विभाग के सचिव पी. दयानंद ने कहा है कि कहा कि लोगों तक योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर सूचना क्रांति का है, ऐसे में सोशल मीडिया का महत्व बढ़ता जा रहा है। जनसंपर्क अधिकरियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समाचार माध्यमों को त्वरित रूप से समाचार उपलब्ध कराएं।

- सचिव ने ली जनसंपर्क विभाग की समीक्षा बैठक
- समाचार माध्यमों को तुरंत जानकारी उपलब्ध कराएं

श्री दयानंद ने यह बात गुरुवार को नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद भवन में विभागीय कामकाज की समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा- राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जनसंपर्क अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जनसंपर्क अधिकारियों को राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए।

### सरकार की योजना से आ रहा है बदलाव

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लोगों की भलाई के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। पिछले 10 माह में राज्य सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए अनेक फ्लैगशिप योजनाएं शुरू की हैं, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल व सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।



### ऐसी हो समाचार की भाषा शैली

श्री दयानंद ने कहा कि समाचार की भाषा शैली सरल, आकर्षक और पठनीय होनी चाहिए। सफलता की कहानी में किसी व्यक्ति के जीवन आए बदलाव के बारे में तथ्यपरक जानकारी और सुसंगत फोटोग्राफ का उपयोग किया जाए। राज्य सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं और नवाचारी कार्यों के संबंध में समय-समय पर विशेष लेख नियमित रूप से जारी किया जाए। नगरीय योजनाओं से संबंधित होर्डिंग्स नगरीय क्षेत्रों में लगाए जाएं और इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं की होर्डिंग्स तहसील मुख्यालयों और जनपद पंचायतों के परिसर में लगाए जाएं। बैठक में संचालक जनसंपर्क अजय कुमार अग्रवाल, अपर संचालक जेएल दरियो, उमेश मिश्रा, संजीव तिवारी, आलोक देव, संतोष मौर्य, हर्षा पौराणिक सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएड-बीएड अभ्यर्थी कल नेशनल हाईवे पर करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के डीएड-बीएड अभ्यर्थी लंबित मांगों को लेकर 19 अक्टूबर को नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करेंगे। प्रदेशभर के स्कूलों में शिक्षकों के 33 हजार रिक्त पदों की भर्ती की मांग को लेकर प्रशिक्षित अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर 31 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि 18 अक्टूबर तक उनकी मांग पूरी नहीं होने पर वे 19 तारीख को नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करेंगे। प्रदेशभर के डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ के अध्यक्ष दाउद खान ने कहा है 7 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेशभर के डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी 21 सितंबर से नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर आंदोलन कर रहे हैं। शासन-प्रशासन द्वारा मांगों की अनदेखी से नाराज अभ्यर्थी अब 19 अक्टूबर को नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने सड़क पर उतरेंगे।

- 33 हजार शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती सहित 7 सूत्रीय मांग

### प्रमुख मांग इस तरह

- प्रदेश के स्कूलों में रिक्त 33 हजार शिक्षकों के भर्ती की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ हो, जिसमें संकाय व विषय के पद सम्मिलित हो।
- शिक्षक वर्ग 2 की भर्ती विषयवार करने की मांग।
- युक्तिकरण के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद किये जाने के सरकारी फैसला को निरस्त किया जाए।
- स्कूल शिक्षा विंभाग के 2008 के सेटअप को यथावत रख कर नई भर्तियों की कार्यवाही जल्द पूर्ण हो।
- आगामी शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग को 5 फीसदी की छूट प्रदान करने की मांग।
- प्रदेश के स्कूलों में छत्तीसगढ़ी में पीजी डिप्लोमा धारियों के लिए पद सृजित कर उनके पदों पर भर्ती की जाए।
- डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को उम्र में अतिरिक्त छूट प्रदान करने की मांग।

# महिला ने पति के खिलाफ लगाया प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- बच्चा नहीं होने, किसी दूसरी औरत के साथ प्रेम प्रसंग के कारण प्रताड़ना का आरोप

टिकरापारा थाना क्षेत्र के मठपुरैना, गोकुल नगर निवासी एक 45 वर्षीय महिला ने अपने पति तथा ससुराल वालों के खिलाफ प्रताड़ना का आरोप लगाया है। महिला ने अपने पति तथा ससुराल वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एसएसपी को ज्ञापन सौंपा है।

महिला ने एसएसपी कार्यालय में जो शिकायत दर्ज कराई है, उसके मुताबिक मोहम्मद के साथ उसका निकाह 24 वर्ष पूर्व धार्मिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। कई वर्षों तक संतान नहीं होने पर महिला को उसके ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे। मेडिकल कराने के बाद पति में कमी होने की वजह से बच्चा नहीं होने की पुष्टि हुई। महिला ने अपने पति पर आरोप लगाया है कि उसके पति का पंडरी में किसी अन्य महिला के साथ संबंध है, जिसकी वजह से महिला को उसका पति प्रताड़ित कर रहा है।

महिला ने अपने पति पर जेवर तथा संजय नगर स्थित मकान बेचकर पंडरी की महिला को देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में महिला ने अपने पति के खिलाफ टिकरापारा के साथ महिला थाने में भी शिकायत दर्ज कराई है।

### ग्रीस की शिफ्टिंग द फ्यूचर कार्यशाला में भाग लेंगे डॉ. चंद्राकर



**रायपुर।** डॉ. नीरज चंद्राकर को ग्रीस के एथेंस में एसएचआईएफटी (शिफ्टिंग द फ्यूचर) कार्यशाला में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसमें दुनियाभर के 28 प्रोफेशनल दंत चिकित्सक और गैर-दंत चिकित्सक शामिल हैं। वे एफएलआईपी (फ्यूचर लीडर ऑफ प्रोस्थोडोंटिस्ट) सदस्यों में से 4 प्रोस्थोडॉन्टिस्ट में से एक हैं, जिन्हें इस कार्यक्रम के लिए चुना गया है। आमंत्रित किए गए प्रतिष्ठित लोगों में चार्ल्स गुडाक्रे (पूर्व डीन, लोमा लिंडा यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ डेंटिस्ट्री), रॉबर्ट फेएला (पूर्व अध्यक्ष, अमेरिकन डेंटल एसोसिएशन और अमेरिकन बोर्ड ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी के निदेशक), थॉमस कोल (एमआईटी से मैकेनिकल इंजीनियर, अटलांटिस कंपोनेंट्स के सह-संस्थापक), रैलीन सैमब्रुक, श्रीनिवास कोका (पूर्व डीन, मिसिसिपी स्कूल ऑफ डेंटिस्ट्री) और कई अन्य शामिल हैं।

## बिजनेस साइट

# वरुण होंडा ने मनाई 22वीं वर्षगांठ ग्राहकों के लिए लकी ड्रॉ का आयोजन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की पहली होंडा डीलरशिप वरुण होंडा ने अपनी 22वीं वर्षगांठ बड़े उत्साह के साथ मनाई। इस खास मौके पर ग्राहकों के लिए एक लकी ड्रॉ आयोजित किया गया, जिसमें फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन और अन्य आकर्षक उपहार शामिल थे।

वर्षगांठ समारोह में वरुण होंडा के मैनेजिंग डायरेक्टर कमलचंद जैन, सीईओ राघवेंद्र सिंह और होंडा मोटरसाइकिल के सर्विस एरिया मैनेजर राहुल राठी ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर केक काटा और खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर कमलचंद जैन ने कहा कि वरुण होंडा के 22 साल का सफर हमारे ग्राहकों के अटूट विश्वास और समर्थन के बिना संभव नहीं था। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है।

# बाल संरक्षण विभाग की टीम ने रुकवाया बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बाल विवाह की प्रथा खत्म हो चुकी है। ऐसा करने वाले परिवारों के विरुद्ध सख्त कानून भी बना हुआ है, लेकिन इसके बाद भी कुछेक परिवार ऐसे हैं, जो कानून की परवाह किए बगैर बच्चों का बाल विवाह कराने का प्रयास करते हैं। रायपुर जिले के धरसींवा ब्लॉक के मटिया गांव में ऐसे ही दो परिवार अपने बच्चों का बाल विवाह कराने वाले थे। इसकी सूचना मिलते ही बाल संरक्षण विभाग और पुलिस प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर इस बाल विवाह को रुकवाया और दोनों परिवारों को समझाइश दी। विभागीय अधिकारियों को सूचना मिली कि ग्राम मटिया में एक 15 वर्षीय लड़की का 16 वर्षीय लड़के के साथ बाल विवाह कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि लड़का मटिया गांव का ही रहने वाला था, वहीं लड़की किसी दूसरे गांव की निवासी है। इन दोनों के परिवारों ने आपसी रजामंदी से इनका रिश्ता तय किया था। रिश्ता तय होने के बाद इनके विवाह की सारी तैयारी लड़के के गांव में की जा रही थी। शादी के दिन ही टीम को इस बाल विवाह की सूचना मिली थी। शादी शाम को थी, लेकिन टीम ने दोपहर में गांव पहुंचकर इस विवाह को होने से रुकवाया लिया।



## विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड के कबीर नगर और सोनडोंगरी में 1 करोड 48 लाख रुपए के स्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। श्री साहू ने इस अवसर पर कहा कि कबीर नगर में अधोसंरचना मद से आंतरिक व मुख्य मार्ग में खराब हुए मार्गों का जल्द डामरीकरण कार्य कराया जाएगा। भोजनगर, सीता नगर में सीसी रोड नाली निर्माण और सोनडोंगरी के दुर्गा चौक से यादव मोहल्ला तक नाली निर्माण कराया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद घनश्याम छत्री, संत कबीर दास वार्ड पार्षद नारद कौशल, ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि मैक मिलन साहू, जोन कमिश्नर एके हालदार, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

